दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 331 जयपुर, गुरुवार, 09 नवंबर, 2023 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष- एकादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00






कांग्रेस की 7 गारंटी

क्या आपने कांग्रेस की 7 गारंटियों में अपना नाम दर्ज कराया ?

अभी मिस्ड कॉल करें 8587070707

कांग्रेस फिर से!


## जरूरी खबर

### मानहानि केस में गहलोत की अपील पर सुनवाई पूरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मानहानि के आरोप वाली शिकायत के खिलाफ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अपील पर बुधवार को सुनवाई पूरी कर ली। एडीजे एम के नागपाल ने आगे की कार्यवाही के लिए 18 नवंबर की तारीख तय की। न्यायाधीश ने कहा कि उनका पहले का वो आदेश 18 नवंबर तक जारी रहेगा, जिसमें यहां मजिस्ट्रेट अदालत को शिकायत के मामले में सुनवाई की अगली तारीख तक अंतिम आदेश पारित नहीं करने का निर्देश दिया गया है।

### कांग्रेस गारंटी यात्रा के लिए छह समन्वयक नियुक्त



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए निकाली जा रही 'कांग्रेस गारंटी यात्रा' के लिए छह समन्वयकों की नियुक्ति की है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, सांसद रंजीत रंजन, पूर्व सांसद उदित राज, प्रदीप टम्टा और गुजरात प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हिम्मत सिंह पटेल को इस यात्रा के लिए समन्वयक बनाया गया है। राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा। मतगणना तीन दिसंबर को होगी।

### प्रदेश में 94 प्रत्याशियों ने पर्चे लिए वापस

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दर्ज कराने वाले 2,365 में से 94 प्रत्याशियों ने बुधवार को अपने पर्चे वापस ले लिए। गुरुवार को नाम वापसी की अंतिम तारीख है। नामांकन प्रक्रिया 30 अक्टूबर 6 नवंबर तक चली थी। 7 नवंबर को 396 नामांकन पत्र निरस्त किए गए। पूरे राज्य में मतदान एक चरण में 25 नवंबर को होगा तथा 3 दिसंबर को मतगणना की जाएगी।

## ये भी देखें...


पूर्व महापौर सहित कई ने 'कमल' से जोड़ा नाता पेज-2

बाजारों में कल से रोशनी का 'स्विच ऑन' पेज-3


**भंडाफोड़:** मेवात से 50 हजार लीटर सिंथेटिक दूध जयपुर डेयरी में रोजाना हो रहा था सप्लाई

# क्राइम ब्रांच के छापे... जयपुर वाले चार साल से पी रहे सफेद जहर




## डीग और दौसा में हुई कार्रवाई, 12 आरोपी पकड़े

- कास्टिक सोडा, पाम ऑयल और यूरिया से बना
- डेयरी और बीएमसी अफसरों की भूमिक संदेह के घेरे में
- पुलिस और स्वास्थ्य विभाग कर रहे मामले की जांच

बेधड़क | जयपुर

मेवात के कैथवाड़ा में कूलिंग प्लांट के नाम पर फूड डिपार्टमेंट से लाइसेंस लेकर नकली दूध तैयार कर जयपुर डेयरी में आमजन के लिए रोजाना सप्लाई किया जा रहा था। चौंकाने वाली बात यह है कि अफसरों की लापरवाही या मिलीभगत के चलते पिछले चार साल से जयपुर डेयरी के ग्राहक कास्टिक सोडा, पाम ऑयल, यूरिया, हाइड्रोजन पेरोक्साइड और मिल्क पाउडर से बना दूध या कहें जहर पी रहे थे। नकली दूध बनाने की सूचना पर पुलिस मुख्यालय की क्राइम ब्रांच टीम ने बुधवार को डीग जिले कैथवाड़ा और दौसा जिले के बांदीकुई व बैजुपाड़ा इलाके में संचालित डेयरी के तीन बीएमसी (बल्क मिल्क कूलर) पर छापा मारकर 50 हजार लीटर नकली दूध पकड़ा। पुलिस ने मौके से दूध से भरी तीन गाड़ी पकड़ी और 12 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बीएमसी डेयरी के पदाधिकारी रामकरण गुर्जर का है और उसके रिश्तेदारों के नाम से उसके परिजन चला रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है, वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके से दूध के सैंपल लिए हैं। पिछले चार साल से रोजाना 50 हजार लीटर दूध की सप्लाई कैथवाड़ा से बीएमसी में की जा रही थी और बीएमसी संचालक यह सिंथेटिक दूध जयपुर डेयरी में भेज रहे थे। प्रकरण में बीएमसी के साथ में जयपुर डेयरी के पदाधिकारियों व अफसरों की भूमिका को भी पुलिस ने संदिग्ध मानकर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर रामसिंह नाथावत ने बताया कि जयपुर डेयरी की प्रयोगशाला में जहां से भी दूध आता है। उसमें मिलावट होने की पृथक से जांच नहीं होती है। आरोपियों ने दूध में ऐसे केमिकल की मिलावट कर रखी थी। इससे नकली होने के बाद भी दूध का फेट आ जाता था और नकली होने की भनक नहीं लगती।

### हर माह करोड़ों रुपए का भुगतान

जांच में सामने आया कि प्रतिदिन बीएमसी संचालकों द्वारा 50 हजार लीटर दूध जयपुर डेयरी में भेजा जाता था। औसतन प्रतिदिन प्रति लीटर 50 रुपए भी डेयरी द्वारा भुगतान कराना माना जाए तो प्रतिदिन डेयरी द्वारा 25 लाख का भुगतान किया जा रहा था। यानी हर माह नकली दूध का डेयरी करोड़ों रुपए का भुगतान कर रही थी।









### पुलिस ने ऐसे किया खुलासा

क्राइम ब्रांच के आईजी प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि पुलिस इंस्पेक्टर रामसिंह नाथावत को कैथवाड़ा में नकली दूध बनाने की सूचना मिली थी। कैथवाड़ा में दूध संग्रहण के लिए एक कूलिंग प्लांट लगा है। प्लांट संचालक ने इसके लिए फूड डिपार्टमेंट से लाइसेंस लिया था। कूलिंग प्लांट की आड़ में संचालक दौसा के बीएमसी संचालकों से मिलीभगत कर प्रतिदिन सुबह-शाम 25-25 हजार लीटर सिंथेटिक दूध तैयार करता था। यह दूध रोजाना दोनों टाइम बीएमसी में सप्लाई किया जाता था और वहां से जयपुर डेयरी में भेजा जा रहा था। सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम ने कैथवाड़ा में दबिश दी। जहां पर नकली दूध बनाया जा रहा था। मौके पर 50 हजार लीटर सिंथेटिक दूध के अलावा भारी मात्रा में पनीर और मावे के साथ दूध के तीन छोटे टैंकर जब्त किए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दूध और अन्य खाद्य पदार्थ के सैंपल लिए हैं।

> कमालिया आइस इंडस्ट्रीज एंड मिल्क चिलिंग प्लांट में केमिकल से सिंथेटिक दूध बनाने की सूचना पर पुलिस टीम ने इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। इसमें हेड कांस्टेबल शंकर की विशेष भूमिका रही।
>
> दिनेश एमएन, ADG क्राइम

### चेयरमैन का बयान 'मैं चुनाव में व्यस्त'

> मैं आउट ऑफ स्टेशन हूं और चुनावों में व्यस्त हू। इस बारे में मुझे जानकारी नहीं है। हमारे पीआरओ से बात करें।
>
> **ओमप्रकाश पूनिया,** जयपुर डेयरी

**मानव तस्करी नेटवर्क: राजस्थान सहित 10 राज्यों में NIA के छापे**

# बीकानेर भी पहुंची केंद्रीय एजेंसी की टीम

- जयपुर में दर्ज मामले में भी की गई कार्रवाई

बेधड़क | जयपुर

एनआईए ने राजस्थान सहित 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे मानव तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। बीएसएफ और राज्य पुलिस बलों के सहयोग से भारत के कई राज्यों में एक व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान मानव तस्करी के चार मामलों में 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मानव तस्करी को लेकर गुवाहाटी, चेन्नई, बेंगलुरु, जयपुर में एनआईए शाखाओं में दर्ज चार मामलों को लेकर यह कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के तहत आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर और पुडुचेरी में कुल 55 स्थानों पर एक साथ और रेड की।



### बीकानेर भी पहुंची टीम

राजस्थान के बीकानेर में भी कुछ ठिकानों पर एनआईए की टीम पहुंची है। बताया जा रहा है कि एनआईए की यह छापेमारी मानव तस्करी को लेकर की गई है। बीकानेर में विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी में टीम के हाथ क्या लगा, इसकी एजेंसी ने कोई जानकारी नहीं दी है।

### विदेशी मुद्रा भी बरामद

कार्रवाई के दौरान एनआईए ने मोबाइल फोन, सिम कार्ड और पेन ड्राइव जैसे डिजिटल उपकरण बरामद किए। इसके अलावा, आधार कार्ड और पैन कार्ड सहित बड़ी संख्या में पहचान-संबंधी दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। जांच एजेंसी ने बताया कि इन दस्तावेजों के जाली होने का संदेह है। इसके साथ ही 20 लाख रुपए मूल्य वाले भारतीय नोट और 4,550 (3,78,819 रुपए) अमेरिकी डॉलर भी बरामद किए हैं।

### मानव तस्करी की खास जांच यूनिट

राष्ट्रीय एजेंसी के पास एक खास मानव तस्करी (विरोधी) जांच इकाई है। यह यूनिट अंतरराष्ट्रीय प्रभाव वाले मामलों की जांच करती है। बताया जा रहा है कि इससे पहले 2022 में रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेश से आए मुसलमानों की तस्करी से जुड़े मामलों की जांच एनआईए ने की थी। फर्जी दस्तावेजों के सहारे रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमानों को भारत में बसाने के चलते यह जांच की गई थी।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'चुनावी रथ' से बिजली का तार छूने की घटना**

# संभागीय आयुक्त मामले की जांच कर देंगे रिपोर्ट

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान सरकार ने उस घटना की जांच के आदेश दिए जिसके तहत मंगलवार को परबतसर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'चुनावी रथ' का ऊपरी हिस्सा बिजली के तार के संपर्क में आ गया था। हालांकि, इससे कोई अप्रिय घटना नहीं घटी और मंत्री समेत सभी लोग सुरक्षित रहे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, 'गृह विभाग ने अजमेर के संभागीय आयुक्त को घटना की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है।'

बता दें, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार रात कहा था कि घटना की जांच कराई जाएगी। पुलिस ने कहा कि यह घटना तब घटी जब शाह का काफिला बिदियाद गांव से परबतसर की ओर जा रहा था। उनका काफिला एक गली से गुजर रहा था तभी रथ का ऊपरी हिस्सा तार से छू गया।



### शाह ने वाहन बदल कर यात्रा की

रथ के गुजरने के बाद तार टूटकर सड़क पर गिर गया। रथ के पीछे के बाकी वाहन तुरंत रुक गए और बिजली की आपूर्ति रोक दी गई। शाह दूसरे वाहन में सवार होकर परबतसर पहुंचे। शाह ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में कुचामन, मकराना और नागौर के परबतसर में तीन रैली को संबोधित किया।

**जयपुर विस्फोट**

### सरकार की याचिका 'अनसुना' करार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2008 के जयपुर सिलसिलेवार विस्फोट मामले में निचली अदालत से मौत की सजा पाने वाले चार लोगों को बरी करने के हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की राजस्थान सरकार की याचिका को बुधवार को 'अनसुना' करार दिया और कहा कि यह देखने की जरूरत है कि क्या निर्णय "गलत" और "विकृत" था। तीन जजों की पीठ ने राजस्थान सरकार की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा, "बरी करने के आदेश पर रोक लगाने का आपका आग्रह अनसुना है। आपके असाधारण निवेदन पर विचार करने के लिए, हमें यह देखना होगा कि क्या फैसला प्रथम दृष्टया गलत और विकृत है।"

**भाजपा-कांग्रेस के नेता आमने सामने**

# गारंटियां बनाम धर्म की राजनीति... साधा एक-दूसरे पर निशाना

- भाजपा राम के नाम पर वोट मांग रही, उनके आदर्श पर नहीं चल रही: प्रताप सिंह खाचरियावास
- कांग्रेस की सात 'गारंटी' की घोषणा झूठी, चुनाव जीतेगी भाजपा: सुधांशु त्रिवेदी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को शहर में भाजपा और कांग्रेस के बीच खूब जुबानी वार-पलटवार हुआ। जहां कांग्रेस की ओर से राज्य के कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भाजपा पर निशाना साधा, तो दूसरी ओर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी कांग्रेस पर बरसे।

खाचरियावास ने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा काम के आधार पर चुनाव लड़ना नहीं चाहती है। भाजपा राम के नाम पर वोट मांग रही है, लेकिन राम के आदर्शों पर चल नहीं रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सनातन धर्म की बात कर टकराव की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रही है। मैं बीजेपी के नेताओं को खुली चुनौती देता हूं कि न उनको हनुमान चालीसा याद है, ना अन्य ग्रंथ। बीजेपी सिर्फ हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई करके वोट लेना चाहती है। उन्होंने कहा मैं वो जिद्दी आदमी हूं, जो कांग्रेस और बीजेपी दोनों की सरकारों से लड़ा। बीजेपी डरा धमकाकर वोट लेना चाहती है। ये लोग कब मंदिरों के बाहर कुछ फेंक कर दंगे करवा दें, कोई भरोसा नहीं। इसलिए हमें सावधान रहना चाहिए। उन्होंने अडाणी का नाम लेते हुए मोदी सरकार पर तंज कसे। उन्होंने दावा किया कि हम राजस्थान में निश्चित रूप से वापस सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को अतिरिक्त पावर मिलना चाहिए। चुनाव में तमाम केंद्रीय एजेंसियां भी चुनाव आयोग के अधीन होनी चाहिए।



### कांग्रेस के चुनाव हारने की पूरी 'गारंटी': राष्ट्रीय प्रवक्ता त्रिवेदी

कांग्रेस की गारंटी यात्रा पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सात 'गारंटियों' की घोषणा झूठी है और इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस हारेगी और इसकी पूरी गारंटी जरूर है। त्रिवेदी ने बुधवार को भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि ज्यों-ज्यों चुनाव नजदीक आने लगे हैं, कांग्रेस अपनी हार को लेकर आशंकित ही नहीं, पूरी तरह से आश्वस्त भी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जब किसी पार्टी को अपनी पराजय नजर आने लगती है तो उसे अपने पाप भी याद आने लगते हैं। त्रिवेदी ने कहा कि हिमाचल और कर्नाटक में भी कांग्रेस झूठी गारंटियों के बूते सत्ता में आ गई, लेकिन वहां की जनता अब पछता रही है। त्रिवेदी ने प्रदेश की अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की स्थिति पर कहा कि कांग्रेस ने अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों की गारंटी दी थी, जबकि धरातल पर देखें तो विद्यालयों में 58 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं।



## जरूरी खबर

### भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान की शुरुआत




**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने बुधवार को महाजनसंपर्क अभियान की शुरुआत की गई। महाजनसंपर्क को लेकर भाजपा ने प्रदेशभर में आगामी तीन दिनों तक विभिन्न प्रदेश पदाधिकारियों और नेताओं को अलग-अलग विधानसभाओं का दायित्व सौंपा गया है। भाजपा के इस जनसम्पर्क अभियान में बूथ समिति की बैठक से लेकर घर-घर व्यापक जनसंपर्क किया जाएगा। महाजनसंपर्क अभियान के तहत बूथ पर 50 घरों में जनसंपर्क और शक्ति केंद्र के 10 प्रमुख लोगों से जनसम्पर्क की जिम्मेदारी दी गई हैं।

### मतगणना के लिए 474 अतिरिक्त एआरओ नियुक्त

**बेधड़क, जयपुर।** विधानसभा चुनाव में मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अतिरिक्त रूप से सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए अतिरिक्त एआरओ की नियुक्ति के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने बताया कि 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 474 अतिरिक्त एआरओ नियुक्त किए गए हैं। पूर्व में जारी अधिसूचना में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 3-3 एआरओ लगाए गए थे।

### पत्रकार कॉलोनी मानसरोवर में बना नया पोलिंग बूथ




**बेधड़क, जयपुर।** पत्रकार कॉलोनी मानसरोवर के सामुदायिक केंद्र मे नया सहायक मतदान केंद्र बनाया गया है। पत्रकार कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष कानाराम कड़वा ने बताया कि समिति के प्रयास से बने इस नए 46-ए बूथ पर एक दर्जन कॉलोनी के लोग वोट डाल सकेंगे। समिति के महासचिव नरेन्द्र सर्वोदयी ने बताया कि नए बूथ पर पत्रकार कॉलोनी के अलावा नवकार विहार, केशव विहार, रहेजा, महिमा फ्लोरेजा, मंगलम आरोमा, सिहानियां की ढाणी, लाडू की ढाणी, माली की ढाणी सहित आस-पास के लोग मतदान कर सकेंगे। पहले इन लोगों को विधानसभा नगर धौलाई में मतदान करने जाना पड़ता था।

**त्योहारी सीजन में बढ़ा यात्री भार:** अतिरिक्त व्यवस्था से दूसरे राज्यों के लोगों को घर जाने की मिलेगी सुविधा

# रेलवे ने समझी यात्रियों की परेशानी, अब चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**बेधड़क | जयपुर**

रेलवे की ओर से आगामी दीपावली और छठ पूजा के त्योहार के सीजन को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 19 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही 30 ट्रेनों में 52 अतिरिक्त डिब्बें लगाकर यात्रियों को राहत प्रदान की है।

गौरतलब है कि त्योहारी सीजन में ट्रेनों में काफी ज्यादा वेटिंग चल रही थी। रेलयात्री दिवाली के त्योहार पर घर जाने के लिए ट्रेनों में सीट मिलने का इंतजार कर रहे थे। इस पर रेलवे ने यात्रीभार को देखते हुए ट्रेनें चलाने घोषणा की है। ये स्पेशल ट्रेनें मुंबई, बैंगलुरू, हैदराबाद, शिर्डी रूट पर चलाई जाएगी। हालांकि पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार और असम रूट पर स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा नहीं हुई है, जबकि इन रूटों पर अभी सबसे ज्यादा भीड़ है।



### त्योहार पर चलेंगी ये स्पेशल रेलगाड़ियां

गाड़ी संख्या 04713 बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस स्पेशल गाड़ी 9 नवंबर से 28 दिसंबर तक हर गुरुवार को चलेगी, जबकि वापसी में गाड़ी संख्या 04714 बान्द्रा टर्मिनस से बीकानेर के लिए 10 नवंबर से 29 दिसंबर तक हर शुक्रवार को संचालित होगी। इसी तरह अजमेर से गाड़ी संख्या 09621 बांद्रा टर्मिनस के लिए 12 नवंबर से हर रविवार को चलेगी और ये ट्रेन 31 दिसंबर तक चलाई जाएगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस से अजमेर के लिए 13 नवंबर से हर सोमवार को अजमेर के लिए चलेगी, जो 1 जनवरी तक चलेगी। जयपुर से बांद्रा टर्मिनस के लिए 8 नवंबर बुधवार से गाड़ी संख्या 09723 का संचालन शुरू किया है, जो 27 दिसंबर तक रहेगा। वापसी गाड़ी संख्या 09724, बान्द्रा टर्मिनस से जयपुर के लिए 9 नवंबर से हर गुरुवार को चलेगी, जो 28 दिसंबर तक संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04813 भगत की कोठी (जोधपुर) से सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू के लिए 11 नवंबर से संचालित होगी, जो शनिवार को चलेगी और 4 दिसंबर संचालित की जाएगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04814 बेंगलुरू से भगत की कोठी जोधपुर के लिए 13 नवंबर से चलेगी, जो 6 दिसंबर तक चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 04711 बीकानेर से बान्द्रा टर्मिनस के 15 नवंबर से 27 दिसंबर तक हर बुधवार को संचालित होगी, जबकि वापसी में गाड़ी संख्या 04712 बान्द्रा टर्मिनस से बीकानेर के लिए हर गुरुवार को 16 नवंबर से 28 दिसंबर तक संचालित होगी।

### बीकानेर से शिरडी साईंनगर की सीधी ट्रेन

रेलवे की ओर से मुंबई, बैंगलुरू शिरडी और हैदराबाद रूट पर भी ट्रेन चलाने की घोषणा की है। गाड़ी संख्या 04715 बीकानेर से साईनगर शिर्डी के लिए 18 नवंबर से 30 दिसंबर तक चलाई जाएगी, ये ट्रेन हर शनिवार को संचालित होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04716 शिर्डी से बीकानेर के लिए 19 नवंबर से 31 दिसंबर तक संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 07116 जयपुर-हैदराबाद 12 से 26 नवंबर तक हर रविवार को संचालित होगी, जबकि वापसी में गाड़ी संख्या 07115 हैदराबाद-जयपुर 10 से 24 नवंबर तक संचालित की जाएगी।

**देव दर्शन के साथ चुनाव प्रचार की शुरुआत** कर रहे प्रत्याशी

# हे प्रभु! अब तुम ही रखना लाज...

**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा चुनाव मैदान में खड़े उम्मीदवार अपनी जीत के लिए प्रचार-प्रसार की शुरूआत भगवान के दर्शन से कर रहे हैं। टिकट मिलने में सफलता के बाद अब भगवान से चुनाव में जीत के लिए प्रत्याशी प्रार्थना कर रहे हैं। वहीं प्रचार-प्रसार में उम्मीदवार ताकत झोंक रहे हैं। वे किसी से कम नहीं दिखना चाहते। क्षेत्र में कोई भी वोटर छूट न जाएं, इसके लिए विशेष रणनीति बना कर प्रत्येक मतदाता तक पहुंचा जा रहा है।

अब चुनाव होने में कम समय बचा है, इसलिए प्रत्याशी का प्रयास है कि वे जनता तक अपनी बात पहुंचा सकें और मतदाता के दिल में जगह बना सकें। इसके लिए अधिकतर प्रत्याशी देव दर्शन और सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दिखा रहे हैं। शहर की उन्नीस विधानसभाओं में खड़े उम्मीदवार आगामी दिवाली त्योहार को भी देखते हुए सुबह से देर रात तक रामा-श्यामा कर जन समर्थन मांग जुटा रहे हैं।

बुधवार को कई प्रत्याशियों ने सामूहिक कार्यक्रमों के जरिए आमजन के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्याधर नगर से भाजपा प्रत्याशी व राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने पापड़ के हनुमानजी मंदिर में बुधवार को अयोध्या से आई राम ज्योति स्थापित की। कार्यक्रम में दीया कुमारी ने कहा कि मैं भगवान श्री राम की वंशज हूं और 500 वर्षों के लंबे इंतज़ार के बाद प्रभु राम का भव्य मंदिर निर्माण जल्द ही पूर्ण होने वाला है। दीया ने कहा- मै सौभाग्यशाली हूं कि अयोध्या से आई राम ज्योति को मंदिर में स्थापित करने का मौका मिला है।



खाचरियावास @ सिविल लाइंस

### कॉलोनी के शिव मंदिर में चढ़ाया जल

वहीं सिविल लाइंस से कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास ने बुधवार को बनीपार्क इलाके में लोगों के बीच पहुंच अपने लिए जन समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे जनता के बीच पांच साल रहे हैं। ऐसे में उन्हें इस बार भी सिविल लाइंस की जनता का प्यार मिलेगा। उन्होंने मंदिर में लोगों के बीच पहुंच भगवान को जल भी चढ़ाया। वहीं सांगानेर से कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज ने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का दौरा कर जन समर्थन मांगा। इस दौरान विधानसभा के कई किसान नेताओं ने उनहें अपना समर्थन दिया। भारद्वाज ने कहा कि वे सांगानेर के विकास के लिए आमजन के पास 51 प्रण लेकर आएं है।

### संस्था-संगठनों से मांग रहे समर्थन

मालवीय नगर कांग्रेस प्रत्याशी अर्चना शर्मा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क में जुटी हुई है। वे क्षेत्र में हो रहे सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों शामिल होकर अपने लिए जनसमर्थन मांग रही है। बुधवार को उन्होंने रोटरी क्लब, लायंस क्लब और कई सामाजिक संगठनों के दिवाली स्नेह मिलन समारोह में लोगों से मिलकर चुनाव जिताने की अपील की। वहीं मालवीय नगर से बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सराफ ने बुधवार को वार्ड 129, 130, 131, 139 और 141 में जनसंपर्क किया। इस दौरान कई जगहों पर सराफ का स्वागत किया गया। किशनपोल क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चन्द्रमनोहर बटवाड़ा के प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को हुआ। इस अवसर पर कई भाजपा जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उद्घाटन से पहले उन्होंने चौडा रास्ता में ताडकेश्वर मंदिर में पूजा की।




कालीचरण सराफ @ मालवीयनगर



दीयाकुमारी @ विद्याधर नगर

### महादेव और गणपति को लगाई अरदास

झोटवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक चौधरी ने अपने चुनावी प्रचार की शुरूआत देव दर्शन से की। वे सबसे पहले झारखंड महादेव मंदिर गए फिर उन्होंने वैशाली नगर में गणेश मंदिर में पूजा की। इसके बाद चौधरी बालाजी मंदिर,मीनावाला तेजाजी मंदिर, बालाजी मंदिर पाल वाले सहित क्षेत्र में मंदिरों में जाकर भगवान से जीत की कामना की। उधर हवामहल से भाजपा प्रत्याशी बाल मुकुंदाचार्य ने खोले के हनुमानजी में विशेष पूजन-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार शुरू किया।

**गहलोत का पर्चा** रद्द करने की मांग

## नामांकन पत्र में गलत तथ्य पेश करने को लेकर भाजपा ने दी शिकायत



**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नामांकन में गलत तथ्य पेश करने के मामले को लेकर बुधवार को चुनाव आयोग में भाजपा ने शिकायत दर्ज करवाई। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और भाजपा का प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को सचिवालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ शिकायत दी है।

केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने आरोप लगाया है कि फॉर्म-26 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा जानबूझकर दो आपराधिक प्रकरणों की जानकारी नहीं दी गई। शेखावत द्वारा दी गई शिकायत में दो मुकदमों का जिक्र किया गया है। एक जयपुर के गांधी नगर में दर्ज एफआईआर के बारे में जानकारी देते हुए शिकायत में लिखा गया है कि एफआईआर संख्या 400/2015 अंतर्गत धारा 188, 400, 420, 467, 468, 471, 120 बी में दर्ज हुई। शिकायत में कहा गया है कि यह मामला वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, जयपुर के समक्ष विचाराधीन है तथा एक अन्य प्रकरण भी अशोक गहलोत के विरुद्ध विचाराधीन है। इसका भी विवरण उनकी ओर से नामांकन पत्र में नहीं दिया गया है। मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आगामी चुनाव के लिए जो अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है उसमें उन्होंने उनके खिलाफ संगीन अपराधों के तहत चल रहे मामलों को छिपाया है। उन्होंने कहा कि इसमें जमीन घोटाला और किसी के घर में जबरन प्रवेश करने से संबंधित मामले शामिल है।

उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्य चुनाव आयोग को हमने शिकायत दी है कि इसके खिलाफ कार्रवाई कर नामांकन पत्र को तत्काल प्रभाव से खारिज करने की मांग की गई है। वहीं मिथ्या शपथ पत्र पेश करने के कारण सीएम गहलोत के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का आदेश देने की मांग की गईं हैं।

**टोंक में पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट ने** शुरू किया प्रचार

## अब सरकार बदलने का टूटेगा रिवाज

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा है कि इस बार राजस्थान में हर चुनाव में सरकार बदलने की परंपरा टूटेगी और प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी।

वे बुधवार को टौंक में अपने विधानसभा क्षेत्र के महगांव और शिवपुरी में चुनाव प्रचार अभियान के शुभारंभ पर सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पायटल ने कहा कि तीस साल से जो परंपरा चली आ रही है कि पांच साल भाजपा, पांच साल कांग्रेस वह परंपरा टूटने वाली है। लोग केंद्र में भाजपा के दस साल के शासन को देख चुके हैं और वे अब बदलाव चाहते हैं।



उन्होंने कहा कि भाजपा और उनके नेता लोगों का ध्यान विकास के मुद्दे से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए हर तरह की कोशिश कर रही है, लेकिन हमारा मुद्दा विकास का है। पार्टी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ रही है इसलिए मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि राजस्थान में सरकार हमारी ही बनेगी। पायलट ने कहा कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की बहुमत से सरकार बनने जा रही है। तेलंगाना में भी चौंकाने वाले परिणाम आएंगे और कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि इन चार पांच राज्यों में भी अगर हमारी सरकार बनती है तो कांग्रेस और गठबंधन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में यह गठबंधन जीतेगा।

**खूबनगर में ग्रामीणों ने घोड़ी पर बैठाकर** निकाला स्वागत जुलूस

## BSP प्रत्याशी रविन्द्र मीना को फलों से तोला

**बेधड़क | करौली**

विधानसभा क्षेत्र से बसपा के उम्मीदवार एडवोकेट रविन्द्र मीना का गांव खूबनगर में ग्रामीणों ने जोशीले अंदाज में स्वागत किया। खूबनगर पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनको फलों से तोला और घोड़ी पर बैठाकर स्वागत जुलूस निकाला। इस दौरान मौजूद लोगों ने उनको समर्थन का ऐलान किया।

जुलूम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जमुनालाल जाटव ने बताया कि बसपा प्रत्याशी एडवोकेट रविन्द्र मीना अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ खूबनगर गांव पहुंचे। यहां पहले जाटव समाज के लोगों ने उनका देवस्थान पर माला और साफा पहनकर अभिनंदन किया। इसके बाद सर्वसमाज के ग्रामीणों ने उन्हें डीजे और आतिशबाजी के बीच घोड़ी पर बैठाया और पूरे गांव में जिंदाबाद के नारों के बीच स्वागत जुलूस निकाला। यह जुलूमस हनुमानजी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। यहां गांव के युवाओं ने बसपा मीना को फलों से तोला। इस दौरान खूबनगर के पंच पटेलों ने 51 मीटर लंबा सफा पहनाकर मीना का अभिनंदन किया और उनको समर्थन की घोषणा की। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें स्थानीय समस्याओं से भी अवगत कराया।



खूबनगर से पहले पास के आरामपुर गांव में माली समाज के लोगों ने भी बसपा प्रत्याशी रविन्द्र मीना का माला और साफा पहनाकर सम्मान किया।

**नेताओं का दल बदल जारी, भाजपा का बढ़ रहा कुनबा**

# पूर्व महापौर विष्णु लाटा सहित कई नेताओं ने जोड़ा 'कमल' से नाता

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं का दल-बदल जारी हैं। जयपुर के पूर्व महापौर विष्णु लाटा सहित कई कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। गौरतलब हैं कि अधिकांश नेता टिकट से वंचित होकर नाराजगी के चलते लगातार अपने दल बदल रहें हैं।

भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, चुनाव प्रबंधन समिति के चेयरमैन व पूर्व सांसद नारायण पंचारिया, पार्टी प्रदेश महामंत्री व सांगानेर प्रत्याशी भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास रखते हुए भाजपा परिवार में लोगों का आना लगातार जारी है। कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को धोखा दिया है, इसके कारण लोगों के मन में एक टीस और कसक है। प्रदेश में पांच साल के कुशासन से जनता त्रस्त है। कल जयपुर के कानोता में एक नौशाद नाम के युवक ने सात साल की मासूम को अपनी हवस का शिकार बनाया। नारायणा के बस स्टैंड पर खड़ी महिला से गैंगरेप किया जाता है। पाली के सोजत में पेंशन के नाम पर एक महिला से दुष्कर्म किया जाता है।



फोटो: पंकज शर्मा

### ये नेता भाजपा में हुए शामिल

पूर्व महापौर जयपुर विष्णु लाटा, एआईसीसी सदस्य और जैसलमेर से कांग्रेस की पूर्व विधायक प्रत्याशी सुनिता भाटी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रवक्ता राजेश मांडिया, राजस्थान नाथ समाज के प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर योगी, सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी महेश नारायण शर्मा, पूर्व चेयरमैन नगर निगम जयपुर रामनिवास जोनवाल, हवामहल विधानसभा से बसपा प्रत्याशी तरूषा पाराशर, महेश लाटा, तीर्थ नारायण शर्मा, खेमचंद सैनी, मनीष शर्मा, छोटूराम माली, भगवान सहाय सैन, बनवारी शर्मा और रामप्रसाद बागड़ा सहित राजनीतिक दलों और समाजों से आए कई लोगो ने भाजपा का दामन थामा।

### झूठी हैं कांग्रेस की सात गारंटियां: जोशी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा चुनाव प्रचार अभियान में गिनाई जा रहीं 7 गारंटियां झूठी हैं। उन्होंने कहा कि गृहलक्ष्मी योजना की गारंटी देने वाली गहलोत सरकार महिलाओं को सुरक्षा दे नहीं पाई और झूठी गारंटियों से जनता को गुमराह कर रही है। बेरोजगारों से कांग्रेस ने 2018 में भत्ता देने का जो वादा किया था उसका क्या हुआ?

### भाजपा का रिपोर्ट कार्ड खाली: रंजन

राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन ने बुधवार को पीसीसी कार्यालय में मीडिया संबोधित करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने प्रदेश में हो रहीं लगातार ईडी की कार्रवाई को लेकर कहा कि ईडी भाजपा का इलेक्शन डिपार्टमेंट हैं। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियां बगैर काम किए वोट मांगने चले जाती हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर लोगों के बीच जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दोबारा परीक्षा देने के लिए आपके बीच आ रही है। रंजन ने कहा कि राजस्थान में 76 लाख परिवारों की 500 में सिलेंडर, स्मार्ट फोन, रोडवेज किराए में छूट, आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को 51 हजार रुपए विवाह के लिए दिया हैं।

## जरूरी खबर

### डॉ. शर्मा आईएमए राजस्थान के अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान के द्विवार्षिक चुनावों में डॉ. रजनीश शर्मा अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, डॉक्टर पीसी गर्ग राजस्थान स्टेट आईएमए के सचिव निर्वाचित घोषित किए गए। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के मुख्य चुनव आयुक्त डॉक्टर एसएन हर्ष ने दोनों पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया। साथ ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान स्टेट सेक्रेटरी के अलावा अन्य पदों पर सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। राज्य सचिव पद पर डॉ. पीसी गर्ग और डॉक्टर विजयपाल सिंह के बीच सीधा मुकाबला हुआ, जिसमें ऑनलाइन वोटिंग से डॉक्टर पीसी गर्ग विजय घोषित किए गए। इनके साथ ही डॉ. संजीव गुप्ता को भी स्टेट एग्जीक्यूटिव में मेंबर चुना गया है। आईएमए के राजस्थान मीडिया प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि डॉ. रजनीश शर्मा अध्यक्ष, डॉ. महावीर प्रसाद शर्मा इलेक्ट प्रेसिडेंट सहित अन्य सभी सीटों उपाध्यक्ष, जोनल सेक्रेटरी, कोषाध्यक्ष और स्टेट कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

### जोधपुर-इंदौर ट्रेन का एक घंटा देरी से होगा संचालन

**जयपुर।** रेलवे की ओर से अजमेर मण्डल पर राजकियावास-मारवाड़ जंक्शन स्टेशनों के मध्य एवं मारवाड़ यार्ड में अनुरक्षण कार्य के चलते रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाड़ी संख्या 14801, जोधपुर-इंदौर रेलसेवा 10 नवंबर को जोधपुर से निर्धारित समय से 01 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी।

'राम के अयोध्या आगमन' के उत्सव के स्वागत को तैयार बाजार, थीम बेस पर हुई सजावट

# MI रोड पर स्विच ऑन, बाजारों में कल से दिवाली की रोशनी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में दिवाली को लेकर बाजारों में सजावट पूरी हो चुकी है। सभी व्यापार मंडल अपने बाजार को सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। रंग-बिरंगी लाइटों से शहर की इमारतें रोशनी में चार चांद लगा रही है।

छह दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत शुक्रवार से होगी, लेकिन इससे पहले बुधवार को एमआई रोड पर रोशनी का स्विच ऑन कर दिया गया। वहीं, बाजारों में खरीदारी करने के लिए शहर के अलावा आसपास के इलाकों से भी काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।


फोटो: पंकज शर्मा

### 10 हजार बिजली के बल्बों से सजा एमआई रोड

एमआई रोड पर बुधवार को पांच बत्ती सर्कल पर मुख्य कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित और पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बाजार में रोशनी का स्विच ऑन किया। एमआई रोड व्यापार मंडल के महामंत्री सुरेश सैनी ने बताया कि इस बार सजावट पांच के बजाय सात दिन तक रहेगी। एमआई रोड पर गवर्नमेंट हॉस्टल से अजमेरी गेट तक साढ़े तीन किमी की 10 हजार बिजली के बल्बों की माला लगाई गई है।






### आमजन को करेंगे वोट के लिए जागरूक

चांदपोल बाजार व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आमजन को जागरूक करने के लिए सेल्फी जोन सहित ज्यादा से ज्यादा मतदान का आह्वान किया जाएगा। 100 से अधिक बाजारों में राजस्थानी थीम पर रंग बिरंगी रोशनी खास होगी। अन्य बाजारों में शुक्रवार से रोशनी शुरू होगी।

नाम वापसी का आज आखिरी दिन, राजपाल भी उठा सकते हैं पर्चा

# मनुहार का रखा मान, वापस लिया नौ निर्दलीयों ने नाम

सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में बसपा से चुनाव लड़ रहे रामलाल लील ने कांग्रेस के पुष्पेंद्र भारद्वाज को दिया समर्थन

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव में जयपुर जिले की 19 सीटों पर नामांकन पत्रों की छंटनी के बाद योग्य 254 में से 9 उम्मीदवारों ने बुधवार को नाम वापस ले लिए। ये नौ उम्मीदवार अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में थे। सबसे ज्यादा आदर्श नगर से तीन प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया है। वहीं, सांगानेर में बसपा से लड़ रहे रामलाल लील ने भी भारद्वाज को समर्थन दे दिया है। झोटवाड़ा सीट से भाजपा से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे राजपाल सिंह शेखावत भी गुरुवार को अपना नाम वापस ले सकते हैं।



### जयपुर में प्रत्याशियों की संख्या अब 245

निर्वाचन विभाग से जारी सूची के मुताबिक बुधवार को विराटनगर से निर्दलीय प्रत्याशी सुंदर, आदर्श नगर से निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद नदीम, रियाजुद्दीन और आबिद अहमद ने अपना नाम वापस ले लिया है। इनके अलावा बस्सी से निलेश, सिविल लाइंस से रईस अहमद, शाहपुरा से प्रवीण कुमार व्यास, किशनपोल से आसिफ हुसैन और सांगानेर से रामावतार ढाका ने अपना-अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। इसके साथ ही जयपुर में प्रत्याशियों की संख्या 245 रह गई है।



### फैसले से पहले कार्यकर्ता शाह के वादे के बारे में सोचें

वहीं शहर की चर्चित सीट झोटवाडा से भाजपा के बागी के रूप में खड़े पूर्व कैबिनेट मंत्री और वसुंधरा गुट के नेता राजपाल सिंह शेखावत भी गुरुवार अपना नाम वापस ले सकते है। हालांकि, राजपाल ने चुनाव में लड़ने और बैठने का निर्णय अपने समर्थकों पर छोड़ दिया है। उन्होंने बुधवार को गोकुलपुरा में कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की, जिसमें उन्होंने कहा कि वे कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान के लिए चुनाव में खड़े हुए हैं। ऐसे में चुनाव के भविष्य को लेकर कार्यकर्ता ही फैसला लेंगे। उन्होंने सभा में कार्यकर्ताओं को रात भर में विचार करने की कहते हुए गृह मंत्री अमित शाह के वादे के बारे में भी सोचने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता कोई भी फैसला लेने से पहले अमित शाह के वादे के बारे में जरूर सोचें। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने जो भरोसा दिया है, उसके बारे में जरूर सोचना चाहिए। ऐसे में कयास लगाए जा रहे है कि राजपाल गुरुवार को अपना समर्थन राज्यवर्धन सिंह को देकर वापस नाम ले सकते हैं।

निर्वाचन विभाग का जागरूकता अभियान

# जलमहल की पाल पर दीपदान कर की मतदान की अपील



**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्वीप टीम की ओर से बुधवार को हवामहल विधानसभा क्षेत्र के जल महल रोड स्थित जल महल की पाल पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान सैकड़ों युवाओं, बुजुर्गों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्याकर्ताओं ने दीपदान कर आमजन को विधानसभा चुनाव में मतदान की अपील की। वहीं, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के जवाहर कला केन्द्र में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप टीम की ओर से आकर्षक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान वीआर प्रेजेंटेशन आकर्षण केन्द्र बना रहा। इस अवसर पर 'मैं भारत हूं' गीत और 25 नवंबर का पहला काम, चलो बूथ करो मतदान जैसे स्लोगन से युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही केवाईसी, सक्षम, सी-विजिल और वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वीप पर्यवेक्षक साधना रावत, जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह, ईआरओ देविका तोमर सहित जिला स्वीप टीम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

तीन साल पहले खत्म हो चुका था वीजा

# महिला देती थी छात्रों को कोकीन

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस की गिरफ्त में आई विदेशी महिला से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। महिला शहर के बड़े-बड़े कॉलेजों के छात्रों को कोकीन सप्लाई करती थी। वह 2016 में भारत आई थी, लेकिन इसके बाद अपने देश नहीं लौटी। जब महिला के वीजा की जांच की गई तो सामने आया कि वह 3 साल पहले खत्म हो चुका है।

इस संबंध में रामनगरिया थानाधिकारी जहीर अब्बास ने बताया कि 31 अक्टूबर की देर शाम को एक महिला को लोट्स



विला में उसके फ्लैट से 7 ग्राम कोकीन और 43 हजार रुपए नकदी के साथ गिरफ्तार किया था। महिला ने बताया कि वह कोकीन पंजाब से लेकर आई है। पुलिस महिला को लेकर जालंधर पहुंची तो पता चला कि उसने झूठ बोला था। महिला का नाम लोरा गास्तोन उर्फ सारा उर्फ रानिया (27) पुत्री नयांगे निवासी तंजानिया है। वह भारत आने के बाद दिल्ली के राजपुर एक्सटेंशन में फ्लैट लेकर रही थी। इसके बाद कुछ महीने पंजाब में रुकी थी।

वह भारत में रहकर छात्रों को ड्रग्स बेच रही थी। पुलिस को उसके पास से उन तस्करों की भी जानकारी मिली है, जो तंजानिया और अन्य देशों से आने वाले छात्रों से कोकीन की सप्लाई कराते थे। रामनगरिया, प्रताप नगर और जगतपुरा एरिया में बड़े-बड़े कॉलेजों के कई स्टूडेंट लोरा के कॉन्टैक्ट में हैं।

विशेष यातायात प्रबंध पर हुई पुलिस अधिकारियों की मीटिंग

# त्योहारी भीड़ ने कर दिया जयपुर 'जाम'

**बेधड़क** | जयपुर

त्योहारी सीजन के साथ ही शहर की सड़कें जाम होने लग गई है। प्रमुख सड़कों पर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई हैं। वहीं, छोटी गलियों में भी दुपहिया वाहन फंसते नजर आ रहे हैं। सबसे ज्यादा हालत खराब चारदीवारी में हो रही है।

यहां पर एक किमी रास्ता पार करने में वाहनों को आधा घंटा लग रहा है। एमआईरोड, चांदपोल, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया गेट, रामगंज सहित अन्य बाजारों में ट्रैफिक जाम की वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना



करना पड़ रहा है। बुधवार को भी यातायात रेंग-रेंग कर चला।

वहीं, बाजारों में कट को भी बंद करने से लोगों को एक से डेढ़ किमी का चक्कर लगाकर छोटी चौपड़ पहुंचना पड़ रहा है। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि सबसे ज्यादा दिक्कत ई-रिक्शा की वजह से हो रही है। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। इसके बावजूद हालात जस के तस हैं। वहीं, शहर में यातायात जाम की बढ़ती परेशानी के बीच बुधवार को पुलिस अधिकारियों ने बैठक की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात एवं प्रशासन राहुल प्रकाश ने सभी पुलिस अधिकारियों के साथ दिवाली के अवसर पर विशेष यातायात प्रबंध करने की रूप रेखा बनाई। उन्होंने परकोटे के बाजारों में वाहनों की पार्किंग बंद करने, सड़क से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

एक महीने में 48 हजार वोटर्स बढ़े, दो लाख पहली बार डालेंगे वोट


# जयपुर की 19 विधानसभा क्षेत्र में 51 लाख वोटर चुनेंगे MLA

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए 25 नवंबर को होने वाली मतदान में इस बार जयपुर जिले में 50 लाख 95 हजार 362 मतदाता अपना वोट डालकर विधायक चुनेंगे। जिला निर्वाचन विभाग ने 19 विधानसभा सीटों की फाइनल वोटर लिस्ट जारी की है।

चार अक्टूबर को लिस्ट जारी करने के बाद निर्वाचन आयोग ने दोबारा नाम जोड़ने के लिए अभियान चलाया था। इसके लिए 27 अक्टूबर तक आवेदन लिए गए थे।

27 अक्टूबर तक मिले तमाम आवेदनों की जांच के बाद इस चुनाव की फाइनल वोटर लिस्ट जारी की गई। 4 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक किए रिव्यू के बाद जारी सूची में जयपुर में वोटर्स की संख्या में 48 हजार 143 वोटर्स की संख्या बढ़ गई है।




### यह है विधानसभावार वोटर्स की संख्या

| विधानसभा | कुल वोटर्स |
|---|---|
| कोटपूतली | 2,26,639 |
| विराटनगर | 2,31,114 |
| शाहपुरा | 2,33,684 |
| चौमूं | 2,52,083 |
| फुलेरा | 2,61,751 |
| दूदू | 2,53,671 |
| झोटवाड़ा | 4,28,067 |
| आमेर | 2,89,157 |
| जमवारामगढ़ | 2,31,832 |
| हवामहल | 2,54,373 |
| विद्याधर नगर | 3,41,649 |
| सिविल लाइन्स | 2,45,434 |
| किशनपोल | 1,92,641 |
| आदर्श नगर | 2,68,380 |
| मालवीय नगर | 2,16,873 |
| सांगानेर | 3,50,032 |
| बगरू | 3,52,418 |
| बस्सी | 2,34,492 |
| चाकसू | 2,30,972 |

### झोटवाड़ा में सबसे ज्यादा नए मतदाता बने

निर्वाचन विभाग ने बताया कि इस बार विधानसभा चुनाव में 2 लाख 5 हजार 604 मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। ये जिले के कुल मतदाताओं का 4.03 फीसदी है। 18 से 19 साल के इन मतदाताओं की सबसे ज्यादा संख्या झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में है, जहां 16 हजार 666 मतदाता है। आमेर विधानसभा में 13 हजार 120 मतदाता वोट डालेंगे। इस कैटेगरी में सबसे कम 6 हजार 132 मतदाता किशनपोल विधानसभा में है। इस रिव्यू के दौरान जयपुर जिले में 323 ऐसे बुजुर्ग मतदाता है, जिनके नाम सूची से हटाए गए हैं। इनकी उम्र 80 साल या उससे ज्यादा थी।

### राहगीरों से मारपीट और ब्लैकमेल करने वाले तीन गिरफ्तार

**जयपुर।** सांगानेर सादर पुलिस ने राहगीरों से मारपीट करने और ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला भी शामिल है।

पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में आरोपी प्रेम प्रजापत, धौला राम मीना और महिला मथुरा देवी महात्मा गांधी अस्पताल के आसपास सुनसान इलाको में लिफ्ट के बहाने मदद मांगते थे, फिर बीच रास्ते में वाहन चालक के साथ मारपीट करते और महिला के साथ उसकी अपत्तिजनक फोटो खींच कर ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठते थे। इस संबंध में पीड़ित रामवतार मीना ने मामला दर्ज कराया था।

## जरूरी खबर

### दीपावली पर शाम 5 बजे बाद होंगे श्याम प्रभु के दर्शन



**सीकर।** जिले के प्रसिद्ध खाटूश्याम मंदिर में दीपावली पर शाम 5 बजे बाद दर्शन शुरू होंगे। दरअसल इस दिन बाबा श्याम की विशेष सेवा-पूजा की जाएगी। ऐसे में मंदिर में दर्शन 11 नवंबर की रात 10 बजे ही बंद हो जाएंगे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि 12 नवंबर को दीपावली के पर्व पर विशेष सेवा-पूजा होने के कारण बाबा श्याम के दर्शन 11 नवंबर की रात 10 बजे से बंद कर दिए जाएंगे जो फिर 12 नवंबर की शाम 5 बजे शुरू होंगे।

### फसलों में रोगों के रोकथाम की दी जानकारी

**टोंक।** एम.बी. कृषि महाविद्यालय द्वारा ग्राम वजीरपुरा में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. बी.एल. धायल ने किसानों का किसान गोष्ठी में आने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सहायक आचार्य विनित प्रजापति ने किसानों को रबी फसलों से सम्बंधित जैसे गैहूं, चना, सरसों आदि के अन्तरसस्य क्रियाकलापों के बारें में जानकारी दी। शिवराज सिंह ने किसानों को रबी फसलों में लगने वालें रोगों व कीटों की रोकथाम के लिए उपचार के सुझाव दिए। किसान गोष्ठी में किसानों के साथ-साथ एम.बी. कृषि महाविद्यालय के कर्मचारी डॉ. हेमराज जाट, डॉ. सूरज चौधरी व कुलदीप गुर्जर भी उपस्थित रहे। अंत में डॉ. अमित कुमार ने किसानों को किसान गोष्ठी में आने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

### रिवर फ्रंट दौरा करने पहुंची एनजीटी की टीम



**कोटा।** जिले में चंबल नदी के किनारे बनाए गए हेरिटेज चंबल रिवर फ्रंट का दो दिवसीय निरीक्षण करने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) सेंट्रल जोन भोपाल की टीम बुधवार को कोटा पहुंची। टीम 2 दिन तक चंबल रिवर फ्रंट का निरीक्षण करेगी और जांच करेंगी कि यहां नदी और घड़ियाल अभयारण्य को लेकर बनाए गए नियमों की अवहेलना की गई है या नहीं। जांच में यह भी देखेगी कि रिवर फ्रंट बनने से यहां घड़ियाल सेंचुरी को कितना खतरा है। इसके बाद एनजीटी कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

---

**उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने मेयो गर्ल्स कॉलेज स्कूल के वार्षिक समारोह में की शिरकत, कहा...**

# ब्यूरोक्रेसी, राजनीति व सेना में भी महिलाएं लहरा रहीं परचम

**बेधड़क | अजमेर**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को अजमेर पहुंचे। वे उपराष्ट्रपति विशेष विमान से किशनगढ़ एयरपोर्ट पर उतरे। इस दौरान जिला पुलिस प्रशासन की ओर से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद उपराष्ट्रपति अपने काफिले के साथ अजमेर के मेयो गर्ल्स कॉलेज स्कूल पहुंचे।

यहां उपराष्ट्रपति ने स्कूल के 35वें वार्षिक पुरस्कार सम्मान समारोह में शिरकत करते हुए छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने नारी सम्मान और देश की वर्तमान परिदृष्य को



लेकर चर्चा की। इसके साथ ही राष्ट्रपति धनखड़ ने छात्राओं को कई प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज नारी शक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। यहां तक की ब्यूरोक्रेसी, राजनीति और मिलट्री में भी नारी शक्ति अपना परचम फहरा रही है। महिलाएं शिक्षा को अपना कर अपने पैरों पर खड़े होने के साथ ही लगभग हर क्षेत्र में सफलता से कार्य कर रही हैं। राष्ट्रपति धनखड़ ने चंद्रयान मिशन की सफलता को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि इसमें भी अनेक महिला वैज्ञानिकों ने अपना अनूठा सहयोग दिया। देश की शिक्षा नीति को लेकर भी उन्होंने छात्राओं से इसकी उपयोगिता और भविष्य की जरूरतों के बारे में बात की।

### महिलाओं को मिल रहा बराबर का सम्मान

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लेकर कहा कि देश में अब महिलाओं को बराबर का सम्मान मिलने लगा है। महिला आरक्षण से उन्हें संबल और आगे बढ़ने का साहस मिल रहा है। उन्होंने छवि राजावत का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले कहते थे नारी तेरी यही कहानी... लेकिन अब नारी वंदनीय है। अब जमाना बदल गया है। महिलाएं अब घूंघट से बाहर निकलकर हर क्षेत्र में ऊंचाईयों को छू रही है। उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की सुप्रसिद्ध पंक्तियां 'अबला तुम्हारी यही कहानी, आंचल में है दूध और आंखों में पानी' का जिक्र करते हुए कहा कि आज ये कहावत बदल गई है। आज ज़माना नारी शक्ति के वंदन का है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं अबला नहीं हैं।

### नारी शक्ति वंदन विधेयक से मिलेगा संबल

उपराष्ट्रपति ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक से महिलाओं को सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन और समानता लाने के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी माध्यम है। देश को बुलंदियों पर ले जाने में विद्यार्थी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उपराष्ट्रपति के अजमेर दौरे को लेकर विशेष इंतजाम किए। चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा एजंसियों का जाब्ता तैनात किया गया। बिना चेकिंग के किसी को भी स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। समारोह में मेयो गर्ल्स स्कूल कमेटी के सदस्य एवं जोधपुर पूर्व महाराज गज सिंह ने उपराष्ट्रपति का आभार जताया। प्रिसिंपन सुप्रीत बख्शी ने भी सम्बोधित करते हुए स्कूल के बारे में बताया।

---

**जौहरी की हत्या के तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा**

# बदमाशों-पुलिस के बीच मुठभेड़ 2 आरोपियों के पैर में लगी गोली

**बेधड़क | भरतपुर**

जिले के बयाना थाना क्षेत्र में गत 28 अक्टूबर को एक जौहरी की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस को आरोपियों के बारे में सूचना मिली। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उनको पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई। इस दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए। बाद में पुलिस आरोपियों को दबोच लिया। मुठभेड़ में घायल हुए बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि जौहरी साहिल की हत्या के बाद बयाना कस्बे के करीब 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। इस दौरान वारदात के उपयोग में ली गई एक पल्सर बाइक की पहचान हुई। इसके बाद बयाना से बाहर जाने वाले रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

तब तलाशी के दौरान रुदावल रोड़ पल्सर बाइक खड़ी हुई मिली। जांच करने पर पता लगा की बाइक चोरी की थी। आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया। जहां से बाइक चोरी हुई वहां से सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया और आगरा पुलिस की मदद से आरोपियों की पहचान की गई। भरतपुर पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाकर आगरा रवाना की गईं। आरोपियों की तलाश पिनाहट, खेड़ा राठौर इलाके में की गई।



### मुख्य आरोपी ने पुलिस पर चलाई गोलियां

जांच के बाद कान्हा उर्फ़ आकाश को दस्तयाब किया गया। पुलिस ने उससे मुख्य आरोपियों के बारे में पूछताछ की तो पता लगा की श्यामवीर निवासी सूवेदार थाना खेड़ा राठौर अपने रिश्तेदार आकाश निवासी खोह कला थाना महुआ जिला दौसा से मिलने गया है। श्यामवीर राजाखेड़ा, धौलपुर, भरतपुर होते हुए दौसा जा रहा है। श्यामवीर के पीछे एक टीम को भेजा गया। जब पुलिस की टीम श्यामवीर का पीछा कर रही थी तो आरोपियों ने पुलिस की टीम पर फायर कर दिया। इस दौरान पुलिस ने भी आरोपियों पर फायरिंग की। इस मुठभेड़ में गोली श्यामवीर के हाथ और पैर में लगी। बाद में उसे हिरासत में लेकर आरबीएम अस्पताल में भर्ती किया गया। वहीं ईको वैन को जब्त कर लिया गया। आरोपी के पास एक कट्टा और कारतूस जब्त किए गए।

### दूसरे आरोपी ने भी किए फायर

श्यामवीर से पूछताछ की गई तो, पता लगा कि सुखवीर निवासी सूवेदार का पूरा थाना खेड़ा राठौर जिला आगरा अपनी पल्सर मोटरसाइकिल से भिंड मुरैना एमपी की तरफ जा रहा है। जो टीमें पहले से आरोपियों की तलाश में लग रहीं थी उन्हें सुखवीर के पीछे लगाया गया। पुलिस को पता लगा कि आरोपी बसेड़ी से बयाना की तरफ जा रहा है। इस पर बयाना थाना अधिकारी को आरोपी की घेराबंदी के निर्देश दिए गए। पुलिस को गढ़ीबाजना थाना इलाके में कोट पुलिया पर एक बाइक तेजी से आती हुई दिखाई दी। बाइक को रोकने की कोशिश की गई तो, बाइक सवार बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने आरोपी के पास कट्टा, कारतूस और बाइक को जब्त कर लिया।

### तीनों आरोपी आदतन अपराधी

पूछताछ में सामने आया की, आरोपी श्यामवीर और सुखवीर दोनों सगे भाई हैं। कान्हा इनका भतीजा है। जिनके खिलाफ आगरा के अलग-अलग थानों में लूट, डकैती, गैंगस्टर, अवैध हथियार के कई मामले दर्ज हैं। तीनों आदतन अपराधी हैं। आरोपियों ने अपने यूपी और एमपी के साथियों के साथ मिलकर 25 अक्टूबर को अपने रिश्तेदार आकाश निवासी खोहकला थाना महुआ जिला दौसा के यहां रुक कर सर्राफा व्यापारी को लूटने का प्लान बयाना था। घटना को अंजाम देने के लिए 26 और 27 को रेकी की, जिसके बाद आरोपी 27 अक्टूबर को आगरा गए। प्लान के अनुसार सेवला जाट से बाइक चोरी की। इाके बाद 28 अक्टूबर को ईको वैन और चोरी की बाइक से बयाना आए। ईको वैन को ब्रह्माद फाटक के पास खड़ा कर दिया। इसके बाद आरोपी पल्सर से बयाना पहुंचे और घटना को अंजाम देने के बाद पल्सर से ब्रह्माद फाटक पर पहुंचे। बाइक को सड़क किनारे पटक कर ईको कार से फरार हो गए।

---

**तलाशते हुए मौके पर पहुंचे परिजन**

## हवाई पट्टी से बाइक स्लिप होकर खाई में गिरी, दो सगे भाइयों की मौत



**बेधड़क | धौलपुर**

जिले में मंगलवार देर रात हृदय विदारक हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। हवाई पट्टी से बाइक स्लिप होकर खाई में जा गिरी। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद उनके गांव बलवंतपुरा में शोक छाया। दोनों के शवों का बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराया गया।

जानकारी के अनुसार बाड़ी उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के बलवंतपुरा निवासी दो सगे भाई हुकम सिंह (52) और कैलाशी (48) पुत्र प्यारेलाल कुशवाह अपने घर में एकादशी को होने वाले भजन जागरण कार्यक्रम में अपने देवताओं को बुलाने के लिए गेंदा बाबा के दर्शन करने गए थे। वहां देवताओं की पूजा के बाद मिट्टी लेकर घर लौट रहे थे। इस दौरान रात 8 से 9 बजे के बीच उनकी बाइक हवाई पट्टी से अचानक बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। घटना के बाद जब रात 10 बजे तक दोनों भाई वापस गांव नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने बड़े भाई हुकुम सिंह को फोन लगाया जो रिसीव नहीं हुआ। इस पर ग्रामीण और परिजन उनकी तलाश करते हुए रात 3 बजे हवाई पट्टी पर पहुंचे, जहां मोबाइल की रिंग के आधार पर दोनों भाइयों के साथ हुए हादसे का पता चला।

### राजनेता भी पहुंचे सांत्वना देने

घटना के बाद अस्पताल में बलवंतपुरा के ग्रामीण और परिजनों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही भाजपा कांग्रेस के स्थानीय प्रत्याशी, प्रधान अजय सिंह मलिंगा और पूर्व विधायक जसवंत सिंह गुर्जर के पुत्र राहुल सिंह अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

---

**बीएसएफ के दीक्षांत समारोह में दिखाए हैरतअंगेज करतब**

## जवानों ने ली भारत माता की रक्षा की शपथ

**बेधड़क | जोधपुर**

सीमा सुरक्षा बल के दीक्षांत समारोह में बुधवार को 685 सपूतों ने भारत माता की रक्षा की शपथ ली। दीक्षांत समारोह में बीएसएफ में शामिल होने वाले नए जवानों का जोश देखते ही बन रहा था। इस दौरान जवानों ने कई तरह के हैरतअंगेज करतब दिखा कर अपने जोश और जज्बे का प्रदर्शन किया।

समारोह में मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर जवानों का उत्साहवर्धन किया और भारत माता के जयकारे लगाए। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि महानिदेशक मानव संसाधन सीमा सुरक्षा बल नई दिल्ली राम प्रसाद मीणा मीणा थे। उन्होंने सबसे पहले मार्च पास्ट की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने सभी जवानों को देश सेवा को पहला कर्तव्य बताते हुए उसे निष्ठा से करने की बात कही। यह दीक्षांत चार बेच के लिए आयोजित किया गया था। इसमें बेच नम्बर 249, 250, 251 व 252 के नव प्रशिक्षु 685 जवान शामिल हुए। सभी जवान अपनी वर्दी में तैयार होकर ग्राउंड पर पहुंचे।

वहीं सभी जवानों के परिजन व अधिकारी भी इस दीक्षांत समारोह को देखने के लिए पहुंचे। अपने बेटों को जोश और उत्साह के साथ देश सेवा में जाने से परिजन स्वयं को गर्वित महसूस कर रहे थे। इस दौरान जवानों ने कदम से कदम मिलाते हुए परेड की। इसमें जवानों ने जोश और आपसी सामंजस्य का परिचय दिया।

### कदम से कदम मिलाते हुए निकाली परेड



---

**मीडिया सेंटर के शुभारंभ पर भाजपा नेताओं ने कहा...**

## अब कांग्रेस के कुशासन से मिलेगी मुक्ति

**बेधड़क | टोंक**

भाजपा के मीडिया सेंटर का शुभारंभ बुधवार को किया गया। इसका उद्घाटन जिला चुनाव प्रभारी रमेश बिधूड़ी, सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, प्रभारी रणवीर पठानिया, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर प्रेस वार्ता का आयोजन भी किया गया। इसमें भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर निशाना साधा। रमेश बिधूड़ी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा पूरे राजस्थान में कमल खिलाएगी। इसके साथ ही कांग्रेस के कुशासन से आमजन को मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। किसानों की कर्जा माफी नहीं की। बेरोजगारों को भत्ता नहीं दिया, रोजगार नहीं दिया, किसानों के साथ वादा खिलाफी करते हुए समर्थन मूल्य पर खरीद नहीं की। सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकास के रास्ते पर लेकर जा रहे हैं।



राजस्थान में भी केंद्र सरकार ने अनेक विकास के कार्य किए हैं। कांग्रेस सरकार ने केंद्र के प्रत्येक कार्य में रोड़ा अटकाने का काम किया और राज्य को केंद्र की योजनाओं से लाभांवित नहीं होने दिया है।

रमेश बिधूड़ी ने कहा कि मीडिया सेंटर के माध्यम से जुड़े पदाधिकारी हर समय प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया के संपर्क में रहेंगे। प्रदेश से आने वाले नेताओं की प्रेस ब्रीफिंग हो या जिले के भाजपा प्रत्याशियों के कार्यक्रम की सूचनाएं हो। इस मीडिया सेंटर के माध्यम से हमें सूचनाओं को पहुंचाने में आसानी होगी, साथ ही इस सेंटर के माध्यम से प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व का सीधा संपर्क में रहेगा।

---

**चुनावी माहौल के बीच वार-पलटवार जारी**

# CM गहलोत को निकालनी चाहिए माफी यात्रा: पूनावाला

**बेधड़क | बूंदी**

प्रदेश में चुनावी माहौल पूरी तरह परवान पर चढ़ने लगा है। इस बीच नेताओं के एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोह और वार-पलटवार का दौर भी जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि सीएम अशोक गहलोत को गारंटी यात्रा की जगह माफी यात्रा राजस्थान में निकालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक और भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या है। राजस्थान में जैसे ही भाजपा सरकार बनेगी, वैसे ही पुलिस और अन्य एजेंसी




को कार्रवाई के लिए कहा जाएगा। इसमें कोई भी व्यक्ति हो, वह मंत्री हो या ऊंचे से ऊंचे पद पर बैठा हुआ, सब पर एक्शन लिया जाएगा। पूनावाला ने प्रदेश कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस में फूट जाहिर हो गई है। सचिन पायलट किसी भी तरह के कैंपेन में शामिल नहीं हो रहे हैं। राहुल गांधी राजस्थान आना ही नहीं चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि सचिन पायलट न केवल कांग्रेस के किसी कैंपेन में दिख रहे हैं बल्कि उनका कोई पोस्टर या बैनर कांग्रेस के किसी कैंपेन में नजर आ रह है। वहीं राहुल गांधी तो राजस्थान में आना ही नहीं चाहते है, वे पहले से ही स्वीकार कर चुके हैं कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार जा रही है।

### मंत्री-विधायकों का ही हुआ विरोध

पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस में टिकट वितरण के दौरान कई मंत्री और विधायकों को टिकट नहीं देने की मांग को लेकर कांग्रेस के ही लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रत्याशी अर्चना शर्मा के विरोध में महेश शर्मा इस्तीफा दे रहे हैं। जाहिदा खान के खिलाफ किस तरह का प्रदर्शन हुआ था. खिलाड़ी राम बैरवा हो या फिर भरत सिंह कुंदनपुर किसी के भी बयान देख लिजिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मंत्री और कोटा से चुनाव लड़ रहे धारीवाल का बयान राजस्थान के रेप में नंबर वन आने पर विधानसभा में आया था कि यह मर्दों का प्रदेश है। तब राजस्थान शर्मसार हुआ था, अब बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस तरह की शब्दावली का प्रयोग किया। इससे उन्होंने राजस्थान की महिलाओं का अपमान किया है।

### नीतीश कुमार को पद पर बने रहने का हक नहीं

भाजपा प्रवक्ता पूनावाला ने कहा कि बीजेपी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन नियम पारित करवाती है, लेकिन दूसरी तरफ इंडी गठबंधन के लोग महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। नीतीश कुमार को अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उनको इस पद से हट जाना चाहिए। वहीं इस्तीफा मांगने की जगह इंडी गठबंधन के तेजस्वी यादव और बाकी नेता बयान का समर्थन करते हैं, जो महिलाओं का अपमान है। इस बयान पर राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी क्यों चुप्पी साधे हुए हैं, यह बड़ा सवाल है।

---

**भगवान धन्वंतरि का मनेगा प्रागट्योत्सव**

## कल धन त्रियोदशी से होगा दीपोत्सव का शुभारंभ

**बेधड़क | जयपुर**

दीपोत्सव यानी दीपावली महापर्व का शुभारंभ शुक्रवार को धरत्रियोदशी पर्व के साथ शुरू हो जाएगा। धनतेरस महापर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि धन तेरस पर्व प्रदोष व्यापिनी को मनाया जाता है। धनतेरस पर धन के देवता कुबेर, यम और औषधि के देव धन्वंतरि के पूजन का विधान है।

इस वर्ष धनतेरस का पर्व 10 नवंबर शुक्रवार को दिन में द्वादशी 12.35 बजे तक उपरांत तेरस का शुभारंभ है। हस्त नक्षत्र अर्धरात्रि 24.07 बजे तक है। मनु ज्योतिष एवं वास्तु शोध संस्थान टोंक के निदेशक महर्षि बाबूलाल शास्त्री ने बताया कि चंद्र देव, हस्त नक्षत्र,



स्वामी चंद्रमा, कन्या राशि, स्वामी बुध में शुक्र के साथ विचरण कर रहे है, जो धन वैभव सुख ससमृद्धि कला लेखन क्षेत्र में श्रेष्ठ हैं। धर्म सिंधु के अनुसार यह पर्व प्रदोष व्यापिनी तेरस में मनाया जाता है। प्रदोष काल शाम 5.34 से रात्री 8.10 बजे तक है। धन तेरस के शुभाशुभ योग में नवीन वाहन, मशीनरी, बर्तन, वस्त्राभूषण, सफेद वस्तुएं खरीदना विशेष लाभप्रद है।

CHUNAV बेधड़क



चुनावी पोळ
हाथ बढ़ावें, कमल भेंट करैं,
घणी करैं मनुहार।
बागीड़ा मानै नहीं,
डूबा सीं अ कुण नै मझधार।।
■ गजानन

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 09 नवंबर, 2023


**विधानसभा चुनाव** पिछले चुनाव में 872 वोट से हारे थे प्रतापपुरी, इस बार भी कांटे की टक्कर

# पोकरण के चुनावी रण में रोमांचक बनी दो धर्मगुरुओं की राजनीतिक साधना

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव में इस बार अलग अलग धर्मों के चार धर्मगुरू व महंत भी चुनावी मैदान में हैं। राजनीति में संतों के दखल पर चाहे जितनी बहस इस बार इन संतों के कारण चुनाव खासा रोमांचक हो गया है। तिजारा से महंत बालकनाथ और जयपुर में हवामहल से बालमुकुंदाचार्य के चलते ये दोनों सीटें हॉट सीट बनी हुई हैं। इसके साथ ही दो धर्मगुरु महंत प्रतापपुरी व सालेह मोहम्ममद पोकरण सीट पर आमने सामने हैं। सालेह मोहम्मद वर्तमान में इस सीट से विधायक व राज्य सरकार में मंत्री हैं।

पिछले चुनाव में वे महंत प्रतापपुरी को ही हराकर विधायक बने थे, हालांकि वोटों का अंतर मात्र 872 का था जिसके चलते भाजपा ने इस बार भी प्रतापपुरी को मैदान में उतारा है। सालेह मोहम्मद सिंधी मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरु गाजी फकीर के पुत्र हैं। अपने पिता की मृत्यु के बाद वह अब पाकिस्तान में सिंधी मुसलमानों के धार्मिक प्रमुख पीर पगारो के प्रतिनिधि हैं। बात करें प्रतापपुरी की तो वे बाड़मेर इलाके में सक्रिय तारातारा मठ के महंत हैं और इस क्षेत्र में उनके काफी अनुयायी हैं।

## कांग्रेस की घोषणाएं कागजी: प्रतापपुरी

इस सीट से भाजपा के उम्मीदवार एवं महंत स्वामी प्रताप पुरी जोर देकर कहते हैं कि विकास कार्यों पर कांग्रेस पार्टी के दावे मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनाव से पहले की गई घोषणाएं हैं। पुरी का कहना है कि मैं पिछले पांच वर्षों से लोगों से जुड़ा हुआ हूं। कांग्रेस अपने काम की बात तो कर रही है लेकिन उनमें से ज्यादातर सिर्फ घोषणाओं तक ही सीमित हैं और चुनाव से ठीक पहले की गई घोषणाएं केवल लोगों को लुभाने का प्रयास भर हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस सरकार काम तो शुरू करती है लेकिन वह काम पूरा होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

## ये रहा है पिछले चुनावों का हाल

पोकरण में पिछले तीन चुनावों में से दो में कांटे की टक्कर रही है। 2008 में सालेह मोहम्मद ने भाजपा के शैतान सिंह को 339 वोटों से हराया था। परिसीमन प्रक्रिया के बाद यह सीट 2008 में अस्तित्व में आई। वहीं 2013 के चुनाव में सिंह ने सालेह मोहम्मद को 34 हजार 444 मतों के भारी अंतर से हराया। 2018 में जब भाजपा ने पुरी को मैदान में उतारा तो वह मोहम्मद से महज 872 वोटों से हार गए।

## सालेह नहीं मानते धर्म को बड़ा मुद्दा

कांग्रेस के मौजूदा विधायक सालेह मोहम्मद को उम्मीद है कि लोग उनके विकास कार्यों के लिए वोट करेंगे, न कि धार्मिक आधार पर। सालेह मोहम्मद का कहना है कि इस बार चुनाव विकास के बारे में है। कांग्रेस सरकार ने ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं और धर्म कोई मुद्दा नहीं है। चुनाव में हिंदू-मुस्लिम कोई कारक नहीं है। उनका कहना है कि उनके या सरकार के खिलाफ कोई 'सत्ता विरोधी लहर' नहीं है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री सालेह का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के बड़े बड़े नेता प्रचार के लिए आएंगे तो धर्म के आधार पर भाषण देंगे, लेकिन इसका अब लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।




## धार्मिक ध्रुवीकरण अहम, पर विकास के नाम पर भी पड़ेंगे वोट

राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर में स्थित पोकरण निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 2.22 लाख मतदाता हैं जिनमें से अधिकांश मुस्लिम या राजपूत हैं। यहां करीब 60 हजार मुस्लिम, 40 हजार राजपूत, 35 हजार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, 10 हजार जाट, 6 हजार बिश्नोई, 5 हजार माली और 3 हजार ब्राह्मण मतदाता हैं। वैसे तो दोनों नेता अपने धार्मिक वोट बैंकों पर भरोसा कर रहे हैं जबकि अन्य समुदायों का समर्थन उम्मीदवारों का भाग्य तय कर सकता है। स्थानीय मुद्दे और पिछले पांच वर्षों में लोगों के साथ नेताओं के व्यक्तिगत संबंध भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पोकरण के स्थानीय निवासी जाकिर खान का कहना है कि निस्संदेह, निर्वाचन क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों में विकास कार्य हुए हैं। लेकिन ऐसे भी उदाहरण रहे जब विधायक ने अपने समुदाय के लोगों पर ध्यान नहीं दिया लेकिन दूसरों के लिए काम किया। एक अन्य स्थानीय निवासी अकबर खान का कहना है कि लोग धार्मिक आधार पर वोट करते हैं लेकिन हमेशा धर्म पर वोट नहीं दिये जाते है। जब मतदान की बात आती है तो समाज के मुद्दे और लोगों से जुड़ाव भी मायने रखता है। वहीं चाय विक्रेता मनोहर सिंह का कहना है कि यह बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदाय के बीच स्पष्ट लड़ाई है। हिंदू भाजपा को वोट देंगे जबकि मुस्लिम कांग्रेस को वोट देंगे। अन्य समुदाय परिणाम तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

स्थानीय राजनीतिक विश्लेषक मनोहर जोशी का कहना है कि क्षेत्र में चुनाव आमतौर पर सिर्फ उम्मीदवारों के प्रदर्शन के बारे में नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि पोकरण को कॉलेज मिले हैं, गांवों के लिए बेहतर सड़क संपर्क, एक बेहतर जिला अस्पताल, एक परिवहन पंजीकरण कार्यालय और अन्य चीजें मिली हैं। उनका मानना है कि यहां लोग अपने धर्म के आधार पर वोट देते हैं और बाकी सब चीजें पीछे रह जाती हैं। पिछले वर्षों के विपरीत इस बार कांग्रेस सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर कम है लेकिन चूंकि दोनों उम्मीदवार धार्मिक नेता हैं, इसलिए वोट उसी आधार पर विभाजित होंगे।

**बिहाइंड द कर्टेन**




## बागियों का बखेड़ा और चाणक्य

घमासान चालू है। रेगिस्तान से लेकर नदियों और झीलों से सरसब्ज इलाके तक बगावत के बिगुल बज रहे हैं। कहीं अपने बागी बने हैं, कहीं थर्ड फ्रंट को देख पसीना छूट रहा है। हर दूसरी नहीं तो तीसरी सीट पर खतरा नजर आ रहा है। कुछ बागी तो ऐसे हैं जो दोनों प्रमुख पार्टियों के लिए सिरदर्द बन गए हैं। तो बताया जा रहा है कि चाणक्य मैदान में उतार दिए हैं। कौन था चाणक्य? उस समय के सबसे शक्तिशाली साम्राज्य को उखाड़ फेंका था। कितने चाणक्य हैं इनके पास! और जब ये चाणक्य हैं तो वो कौन थे जिन्होंने उम्मीदवारों के नाम फाइनल किए थे। सारा बखेड़ा तो लिस्टों में आए नामों को लेकर खड़ा हुआ है। क्या ये चाणक्य उनसे ज्यादा राजनीतिक समझ रखते हैं जिन्होंने लिस्टें बनाई थी। पहली लिस्ट आने के बाद ही पता चल गया था कि मामला काबू से बाहर जा रहा है। मतलब चुनाव प्रबंधन समिति फेल। फिर बनाई गई डैमेज कंट्रोल कमेटी। उससे भी बात नहीं बनी। अब उन्हीं में से कुछ नेताओं को चाणक्य की उपाधि दे दी गई है। हर नेता को चाणक्य बताया जा रहा है! कुछ कथित चाणक्य तो खुद का टिकट कटने से पहले ही खार खाए बैठे हैं। खैर, फीडबैक ले रहे हैं। पहले बागियों से होने वाले नफा-नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। मतलब बागियों को दो कैटेगरी में बांटा गया है। एक वो जिनसे नुकसान हो सकता है। दूसरे वो जिनके कारण जातिगत समीकरण सध रहे हैं। जो बागी पार्टी से इस्तीफा देकर अन्य दल का दामन थाम चुके हैं उनको लेकर तो कोई उम्मीद नहीं बची है। कई बागियों के तेवर तीखे बने हुए हैं। कहीं-कहीं बातचीत शुरू हुई है। ये मसला ऐसा है कि गुपचुप ही सुलझेगा। बात चौड़े धाड़े तो हो नहीं सकती। कुछ जादू की झप्पी से मान जाएंगे। कई ले-देकर बैठ जाएंगे। फिलहाल कहीं से कोई खुशखबरी नहीं मिली है। जैसे-जैसे वक्त निकल रहा है उम्मीदवारों का दिल बैठ रहा है। किसी का बीपी कम तो किसी का शुगर लेवल बढ़ रहा है। कुछ बागियों और असंतुष्टों ने आश्वस्त किया है कि वे पार्टी प्रत्याशी के लिए काम करेंगे। पर पार्टियों के डैमेज कंट्रोलर को ही उनकी बात पर भरोसा नहीं हो रहा है। नाम वापसी हो जाए। फिर देखते हैं। तब तक उठापटक का मजा लेते रहिए।

■ यायावर

**ई वॉर**




**पॉली टून**




**थड़ी पॉलीटिक्स**

## चुनाव में तो जितनी जोरदार टक्कर, उतना आएगा मजा

**स्थान** टी रेस्टोरेंट **समय** दोपहर 12:15 बजे
गणगौरी बाजार, जयपुर

दिवाली के स्वागत के लिए बाजार सजधज कर तैयार हो गए हैं। हालत ये है कि बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं। कपड़े, सजावटी सामान, मिठाइयां, पटाखे दुकानों पर दिवाली के उल्लास में चार चांद लगा रहे हैं। तो, दिवाली का उल्लास तो चरम पर है लेकिन इसके साथ ही दिवाली के बाद आने वाले चुनावी त्योहार का उल्लास भी कुछ कम नहीं। इस त्योहार के लिए भी पार्टियों की दुकानें सज चुकी हैं। कुछ नेता खुद अपनी दुकान सजा कर बैठ गए हैं। सभी लोगों को ललचाने में लगे हैं। नेता इन दिनों अपनी मार्केटिंग में पूरी क्षमता झोंक रहे हैं। समर्थकों के हुजूम के साथ हाथ जोड़कर चलते नेताजी की झांकियां इन दिनों आम हैं। अब इतनी दुकानें खुली हैं तो कौनसी दुकान चलेगी, कौनसी पांच साल के लिए बंद हो जाएगी- इसके कयासों का बाजार भी पूरी तरह गर्म है। तो, कयासों के इसी बाजार में प्रदेश की राजनीति का मिजाज समझने हम पहुंचे गणगौरी बाजार में एक चाय रेस्टोरेंट में। यहां अलग अलग टोलियों में बैठे लोगों के बीच अलग अलग मुद्दों पर चर्चा छिड़ी है। एक टोली में से किसी ने मुद्दा उठाया-" अब तो पिक्चर क्लियर है भाई, अबकी बार तो नए ही खिलाड़ी पर दांव खेल दिया। क्या लगता है, ये मैदान तो गढ़ है। इसको नया खिलाड़ी बचा लेगा क्या।" सामने से जवाब आया-" भाई पुराना खिलाड़ी भी किसी दिन तो नया ही था। और जब किसी नए को मौका नहीं मिलेगा तो कोई पुराना ही नहीं होगा। लोगों ने इनको भी भर भर के वोट दिए थे। अब नए आदमी को भी देंगे। और पुराने के सारे कारनामे तो जानते ही हो क्यों बेटिकट रह गए। पुराने वाले नेताजी कि गड़बड़ इमेज पर बात उठी तो सामने से जवाब आया-" बात तो सही है। केवल पार्टी के नाम पर या दूसरे मुद्दों को भुनाकर चुनाव में जीतना ही काफी नहीं है। जीतने के बाद लोगों के काम भी आना होता है। जनता को दिखना भी चाहिए कि उनके लिए कोई है। ये बात तो पार्टी भी समझती है इसीलिए रिस्क नहीं लिया और नए आदमी को भेज दिया। पर असली कर्ताधर्ता तो जनता है। जनता जब लहर के पीछे नहीं बल्कि उम्मीदवार को देखकर वोट करेगी तब ही कुछ अच्छा हो सकता है। बात सही थी, पर सामने वाले का पूरा फोकस तो चुनावी मुकाबले पर था- " भाई, पर इस बार आसान नहीं है मामला। सामने वाला भी पावरफुल है। और देखा नहीं क्या सालभर से तो क्या माहौल बना रखा है। टक्कर तो जोरदार होगी।" सामने से मुहर लगी-"हां भाई टक्कर तो जोरदार ही होनी चाहिए। खेल और चुनाव में टक्कर जोरदार हो तभी मजा आता है। जिसको खेलना आता है वो जीत जाएगा पर बस दुआ करो कि जो जीते वो जनता के काम का भी हो।" और इसी के साथ सभा बर्खास्त हुई।


**पॉली क्लिक्स**



### चुनावी गलबहियां

चुनावी माहौल चरम पर है। चुनाव होने में जितना समय बचा है, उस समय के एक-एक क्षण का उपयोग करने में नेता जुटे हैं। लगातार जनसम्पर्क दौरे, मीटिंगें, जनसभाएं और लोगों से मिलना जुलना इस समय हर नेता के लिए प्राथमिकता बने हुए हैं। विद्याधरनगर से भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी ने बुधवार को क्षेत्र में अपने जनसम्पर्क दौरे के दौरान महिलाओं के समूह से बातचीत करते हुए एक महिला को कुछ इस तरह गले लगा लिया।

**चुनावी इतिहास के झरोखे से**



■ **गुलाब बत्रा**, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# एक पूर्व मंत्री भावावेश में नहीं देते अपनी गारंटी तो बदली हुई होती प्रदेश की राजनीति

राजस्थान विधानसभा के चुनावी मैदान में हर पांच वर्ष के अंतराल पर शासन सत्ता परिवर्तन की परिपाटी बनी रहेगी अथवा रिवाज बदलकर सत्तारूढ़ दल पुनः शासन की बागडोर संभालेगा- इस प्रश्न का उत्तर 3 दिसम्बर को मतगणना के बाद मिलेगा। चुनावी दंगल में इन दिनों चल रहा गारंटी का खेल नया नहीं है, इस गारंटी का खेल तीस साल पहले यदि राज्य का एक पूर्व मंत्री नहीं खेलता तो राजस्थान का राजनीतिक परिदृश्य ही परिवर्तित किया जा सकता था।

तो गारंटी की चाशनी का स्वाद चखने की कथा सुनने के लिए पहले हमें वर्ष 1990 में सम्पन्न राज्य विधानसभा के चुनाव परिणामों पर नजर डालनी होगी। तब भाजपा को 85 सीट तथा जनता दल को 55 सीट मिली। वहीं कांग्रेस के हिस्से में 50 सीटें आई। भैरों सिंह शेखावत भाजपा दल के स्वाभाविक नेता थे जिनके नेतृत्व में वर्ष 1977 में प्रदेश में प्रथम गैर कांग्रेस सरकार गठित हुई थी। कांग्रेस विधायक दल के नेता हरिदेव जोशी चुने गए। जनता दल के विधायकों की बैठक बुलाई गई। पर्यवेक्षक चौधरी अजित सिंह तथा महासचिव यशवंत सिन्हा ने भरतपुर जिले से निर्वाचित हुए नत्थीसिंह को सर्वसम्मति से जनता दल विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की।

भाजपा और जनता दल की साझा सरकार का नेतृत्व भैरों सिंह शेखावत के हिस्से में आया। प्रथम चरण में 4 मार्च 1990 को शेखावत के साथ भंवरलाल शर्मा, ललित किशोर चतुर्वेदी एवं नत्थी सिंह ने शपथ ली। मंत्रिपरिषद के गठन में 8:5 के अनुपात में हिस्सेदारी, मंत्रीपद के लिए खींचतान, भाजपा नेतृत्व की जनता दल में तोड़फोड़



तथा विभाजन की लम्बी कहानी को यहीं विराम देकर हम आगे बढ़ते हैं। केन्द्र स्तर पर चौधरी अजित सिंह का गुट जनता दल ( अ ) तथा चौधरी देवीलाल बनाम ताऊ जनता दल ( ब ) के नाम से जाना गया। नत्थीसिंह की अगुवाई में जनता दल ( अ ) के 13 विधायक तथा 16 सदस्यीय विधायक धड़े के नेता केदार नाथ शर्मा बने। जनता दल के शेष विधायक भाजपा की गोद में बैठ चुके थे।

## एक साल बाद ही हो गया था विलय

राजनीतिक परिदृश्य पुनः बदला। चौधरी अजित सिंह खुद कांग्रेस में शामिल होकर केन्द्र में मंत्री बन गए। वर्ष 1994 में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित समारोह में जनता दल (अ) के कांग्रेस में विलय की घोषणा की गई। नत्थीसिंह ने चौधरी अजितसिंह की उपस्थिति में उनके तात्कालिक रवैये पर नाराजगी जताते हुए 'विधवा विलाप' प्रथा का उल्लेख किया। मदेरणा ने कांग्रेस तथा जनता दल (अ) के प्रत्याशियों को प्राप्त वोटों के जोड़ से सत्ता में आने का गणित समझाया और चुनाव से पहले दोनों दलों के विलय नहीं होने पर दुख जताया। अब विधानसभा में मदेरणा विपक्ष के नेता बन गए और अशोक गहलोत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बने जो वर्ष 1998 के चुनाव में मुख्यमंत्री बनाए गए।

## भावुकता में लिया था साथ रहने का फैसला

खैर अब वर्ष 1993 के विधानसभा चुनाव से जुड़े परिदृश्य की टोह लेते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष परसराम मदेरणा के जनता दल नेता नत्थीसिंह से अच्छे संबंध थे। बकौल नत्थीसिंह मदेरणा ने चुनाव से पहले जनता दल (अ) के कांग्रेस पार्टी में विलय तथा सभी 13 विधायकों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशी बनाने की पेशकश की। कई दिनों की बातचीत में मदेरणा का यह तर्क प्रमुख रहा कि दोनों दलों के विलय और चुनावी जीत से भाजपा को राजस्थान में पुन: सत्ता में आने से रोका जा सकेगा। मदेरणा की इस गारंटी से आश्वस्त नत्थीसिंह ने साथी विधायकों से चर्चा की और सभी चौधरी अजित सिंह से मिलने दिल्ली गए। बस दिल्ली यात्रा में पेंच फंस गया। पहले नत्थीसिंह अकेले चौधरी अजित सिंह से मिलने गए और राजस्थान की भावी राजनीति से उन्हें अवगत कराया। चौधरी का कहना था कि आप लोगों के हित में तो यह कदम ठीक हो सकता है लेकिन तुम लोग मुझे छोड़कर जाओगे तो मुझे बड़ा सदमा लगेगा। इन भावुक क्षणों में नत्थी सिंह का दिल भर आया। उन्होंने चौधरी अजितसिंह को आश्वस्त किया कि वे स्वयं अपनी गारंटी देते हैं कि वे उनका साथ नहीं छोड़ेंगे पर अन्य विधायकों की गारंटी नहीं ले सकते। नत्थी सिंह ने राजस्थान हाउस लौटकर साथी विधायकों को बातचीत की जानकारी दी और कहा कि वे खुद तो चौधरी के साथ रहेंगे। इस निर्णय से नाखुश विधायकों की यह धारणा थी कि जनता दल (अ) के बैनर पर उनका चुनाव जीतना मुश्किल होगा तथा नत्थीसिंह के बिना कांग्रेस भी समझौता नहीं करेगी। साथी विधायकों ने नत्थीसिंह पर उनके राजनैतिक भविष्य को अंधकार में धकेलने तक का आरोप लगाया। सभी ने साथ रहने का निश्चय किया और चुनाव में सभी तेरह विधायक पराजित हो गए। भाजपा सत्तारूढ़ हुई।

# देश के मस्तक पर कलंक मिलावटखोरी



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

वैसे तो जब भी भारत में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहार करीब आते हैं उस समय खाद्य सामग्री विशेषकर दूध, घी, पनीर में व इनसे बनी मिठाइयों में मिलावट की खबरें सुर्खियां बटोरने लगती हैं। परंतु सच पूछिए तो यह पूरे देश का दुर्भाग्य है कि वह पूरे वर्ष मिलावटी खाद्य सामग्री का शिकार बना रहता है। खेतों में उगाई जाने वाली सब्जियों से लेकर फल तक सभी में रासायनिक तत्वों की भरमार रहती है। अनेक महानगरों व औद्योगिक नगरों में तो खेतों में सब्जियों की सिंचाई के लिए औद्योगिक कचरे व रसायन से युक्त जहरीला पानी तक इस्तेमाल किया जाता है। दूध के नाम पर तो 70 प्रतिशत से भी अधिक लोग जहर पी रहे हैं। यदि इन पर तुरंत नियंत्रण नहीं किया गया तो एक अनुमान के अनुसार 2025 तक देश की लगभग 87 प्रतिशत आबादी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की गिरफ्त में होगी। जरा सोचिए कि जिस देश में दूध के उत्पादन से लगभग चार गुना ज्यादा प्रतिदिन दूध की खपत होती हो वहां शुद्ध दूध का प्रश्न ही कहां रह जाता है। होली दिवाली जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान स्वास्थ्य व खाद्य विभाग की टीमें थोड़ी बहुत मुस्तैदी दिखाती हैं जिसके चलते कुछ नाममात्र लोग नकली दूध, खोया, घी, मक्खन, दही या मिठाइयां आदि बनाते हुए पकड़े जाते हैं।

कोई नहीं जानता कि जहर बेचने वाले इन दुष्ट मिलावटखोरों का जहर खा पीकर कितने लोग जानलेवा बीमारियां खरीद बैठे और कितने मौत की आगोश में समा बैठे। विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना, विश्वगुरु बनने की ललक,देश में धर्म व अध्यात्म के नाम का हिलोरें मारता हुआ समुद्र, पूरे देश में प्रवचन कर्ताओं की भीड़, बुलेट ट्रेन दौड़ने की तैयारी जैसी तमाम बातें उस समय नाचते हुए मोर द्वारा अपना पैर देख लेने के समान हो जाती हैं जब इसी विकासशील भारत में हम मिलावट का बाजार सिर चढ़ कर बोलता हुआ देखते हैं। मिलावटखोर केवल दूध, घी में ही मिलावट नहीं करते बल्कि यह आटा, बेसन, मसाले, कुट्टू का आटा, तेल, पनीर, मावा आदि सभी खाद्य सामग्री में मिलावट करते हैं।

> दरअसल किसी भी खाद्य सामग्री में मिलावटखोरी का सीधा सा अर्थ है आम लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करना। आम लोगों को धीमा जहर बेच कर खुद तो पैसे कमाना और अपने ग्राहकों के लिए संगीन बीमारी यहाँ तक कि मौत की राह हमवार करना। यह अपराध की उस श्रेणी में नहीं आता जिसमें किसी प्रकार की क्षमा की गुंजाइश हो।

कैमरा मोबाइल के इस दौर में अब न तो यह सब केवल आशंकाएं रह गई हैं ना ही अंदाजे। बल्कि इसी मिलावटखोर नेटवर्क में ही काम करने वाला कोई शख्स जब इस भ्रष्ट व मिलावटखोर व्यवस्था से किन्हीं भी कारणों से स्वयं को अलग करता है तो वही व्यक्ति काम छोड़ने से पहले चुपके से इस मिलावटखोरी प्रकरण की पूरी वीडिओ तैयार करता है और खुद ही उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर देता है। फिर चाहे वह सब्जियों में जहरीले इंजेक्शन लगाकर रातोरात सब्जी का आकर व वजन बढ़ाना हो या रासायनिक अथवा डिटर्जेंट दूध तैयार करना हो। नकली व जहरीली मिठाइयां बनाना हो। घोर गंदगी के वातावरण में खाने-पीने का सामान तैयार करना हो या खाद्य सामग्री तैयार करते समय उसमें सड़ी गली चीजों का प्रयोग हो। सब कुछ देश की जनता देखती रहती है। हद तो यह कि बाजारों में सरेआम चांदी और सोने का वर्क लगी मिठाइयां बेची जा रही हैं जिनमें न ही सोना है ना ही चांदी बल्कि एल्युमीनियम जैसी घातक धातुओं को चांदी और सोने के वर्क के नाम पर पूरे देश में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। इस दौरान यदि खाद्य व स्वास्थ्य विभाग की टीम छापा मार कार्रवाई करती भी है और मिठाइयों या अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल लेती भी है तो यह कार्रवाई एक लंबी कानूनी प्रक्रिया से गुजरती है। अगर मामला ले देकर रफा-दफा नहीं भी हुआ तो सैंपल की लैब रिपोर्ट आने तक इंतजार करना पड़ता है।

जब तक रिपोर्ट नेगेटिव नहीं आती तब तक दुकानदार अपना संदिग्ध सामान बेच सकता है। गोया फिलहाल तो इस तरह की छापामार कार्रवाई केवल खानापूर्ति ही साबित होगी। यदि सैंपल फेल हो जाता है और मिलावटखोरी साबित भी हो जाती है तो प्रायः इन पर 20 या 25 हजार रुपए जुर्माना हो जाता है। इस जुर्माने को मिलावटखोर आसानी से भरकर किसी कड़ी सजा से बच जाता है। नतीजतन मुंह में हराम के पैसे लग चुके ऐसे लोग पुनः मिलावट का काम करने में जुट जाते हैं। दरअसल किसी भी खाद्य सामग्री में मिलावटखोरी का सीधा सा अर्थ है आम लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करना। आम लोगों को धीमा जहर बेच कर खुद तो पैसे कमाना और अपने ग्राहकों के लिए संगीन बीमारी यहां तक कि मौत की राह हमवार करना। यह अपराध की उस श्रेणी में नहीं आता, जिसमें किसी प्रकार की क्षमा की गुंजाइश हो। ऊंचे रुसूख रखने वाले स्वामियों की बड़ी से बड़ी नामी ग्रामी कंपनियां जिनके सैंपल फेल होने की बार बार खबरें आती रहती हैं, उन पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती।

इस नेटवर्क से जुड़े लोगों को जुर्माने नहीं बल्कि कठोर दंड की जरूरत है। पेशेवर मिलावटखोर साबित होने पर तो ऐसे लोगों को फांसी की सजा तक मिलनी चाहिए। अन्यथा इनके घरों पर बुलडोजर चलना चाहिए। उनकी संपत्तियां जब्त की जानी चाहिए। इतना ही नहीं बल्कि जिस इलाके में ऐसे अपराधी रहते हों, उस इलाके में इनका पूर्ण सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिए। मिलावटखोरी करने वाले ऐसे लोग केवल लोगों की जान से ही खिलवाड़ नहीं करते बल्कि इनकी वजह से पूरी दुनिया में भारत की बदनामी भी होती है। सीधे शब्दों में मिलावटखोरी देश के लिए एक कलंक साबित हो रही है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**


## अंतरराष्ट्रीय उर्दू दिवस पर विशेष

# उर्दू मजहब नहीं... मुल्क की जबान



जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

9 नवंबर, पूरी दुनिया में आलमी यौम-ए-उर्दू के तौर पर मनाया जाता है। ये खूबसूरत और शीरीं जबान अहम तौर पर दक्षिण एशिया में बोली जाती है। दुनिया भर में फिलवक्त तकरीबन 15 से 15 करोड़ लोग उर्दू बोलने वाले हैं। भारत, पाकिस्तान, मॉरिशस, दक्षिण अफ्रीका, बहरीन, फिजी, कतर, ओमान, संयुक्त अरब अमिरात, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, ईरान, अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान वे मुल्क हैं, जहां उर्दू भाषी लोग बड़ी तादाद में मिल जाते हैं। इनमें भी सबसे अधिक भारत में पांच करोड़ से ज्यादा लोग उर्दू भाषी हैं। इसके बाद पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में 1 करोड़ 87 लाख लोग इस जबान के बोलने वाले हैं। बांग्लादेश में 6 लाख 50 हजार लोग, तो संयुक्त अरब अमीरात-6 लाख और यूरोपीय देशों में सबसे ज्यादा ब्रिटेन में 4 लाख लोग उर्दू जबान के जानकार या बोलने वाले हैं।




> उर्दू किसी मजहब की नहीं, बल्कि हमारे मुल्क की जबान है। उर्दू जबान हमारा सांझा विरसा है। लिहाजा इस मीठी जबान को सभी जगह फैलाने और इसकी हिफाजत की जिम्मेदारी हम सभी की है। हमें यह जिम्मेदारी निभाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़नी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय उर्दू दिवस के दिन यह अहद करें कि उर्दू जबान को फरोग देने के लिए हम हर मुमकिन कोशिश करेंगे।

उर्दू हमारे देश की शासकीय भाषाओं में से एक है, वहीं पाकिस्तान की राष्ट्रभाषा है। देश के जम्मू-कश्मीर सूबे की उर्दू, मुख्य प्रशासनिक भाषा है। यही नहीं तेलंगाना, दिल्ली, बिहार और उत्तर प्रदेश की भी अतिरिक्त शासकीय भाषा है। पाकिस्तान के अनेक इलाकों, देश के उत्तरी हिस्सों, कश्मीर, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में बहुत से लोगों की मादरी जबान उर्दू है। उर्दू का मिजाज एक मख़्सूस गंगा-जमुनी तहजीब, मेल-जोल, मुहब्बत और खुलूस का रहा है। शायर अजय सहाब के उर्दू जबान के बारे में खूबसूरत अशआर हैं, "इश्क का राग जो गाना हो मैं उर्दू बोलूं/किसी रूठे को मनाना हो मैं उर्दू बोलूं।'' उर्दू जबान, हिंदुस्तान में मुस्लिम हुकूमत के दौरान तुर्की सिपाहियों और मुकामी बाशिदों के बीच संवाद के सुविधाजनक माध्यम के तौर पर विकसित हुई। ''खास हिंदोस्तानी है उर्दू जबां/मेरी उर्दू जबां फख्र-ए-हिंदोस्तां।''(बनो ताहिरा सईद) आगे चलकर यह 'जबान-ए-उर्दू-ए-मुअल्ला' यानी शाही पड़ाव की जबान कहलाई। शायर गुलाम हमदान मुशफी ने तकरीबन 1780 में पहली मर्तबा उर्दू लफ्ज का इस्तेमाल किया। सूफी शायर अमीर खुसरो ने इस जबान को हिंदी, हिंदवी या जबान-ए-देहलवी के नाम से खिताब किया। यह जबान जब दक्षिण में पहुंची, तो दकिनी या दक्खिनी कहलाई, गुजरात में गुजरी यानी गुजराती उर्दू कही गई। दक्षिण के कुछ अदीबों ने इसे जबान-ए-अहल-ए-हिंदुस्तान यानी उत्तरी हिंदुस्तान के लोगों की जबान भी कहा। जब शायरी, खास तौर से गजल के लिए इस जबान का इस्तेमाल हुआ तो इसे रेख्ता (मिली-जुली बोली) कहा गया। बाद में इसी को जबान-ए-उर्दू, उर्दू-ए-मुअल्ला या सिर्फ उर्दू कहा जाने लगा। यूरोपीय लेखकों ने इसे आम तौर पर हिंदुस्तानी कहा है। मुहम्मद हुसैन आजाद, उर्दू की उत्पत्ति ब्रजभाषा से मानते हैं। अपनी अहमतरीन किताब 'आब-ए-हयात' में वे लिखते हैं, "हमारी जबान ब्रजभाषा से निकली है।''

सच मायने में उर्दू, हिंदी का पूर्वगामी रूप है। फारसी, अरबी, संस्कृत और अनेक स्थानीय बोलियों का मिश्रण है। जिस जबान को उर्दू कहा जाता है, उसमें 85 फीसद लफ्ज वे ही हैं जिनका आधार हिंदी का कोई न कोई रूप है। बाकी 15 फीसद में फारसी, अरबी, तुर्की और अन्य जबानों के लफ्ज शामिल हैं। जो सामाजिक, सांस्कृतिक कारणों से मुस्लिम शासकों के जमाने में स्वाभाविक रूप से उर्दू में घुल-मिल गए थे। उर्दू जबान, मुकम्मल तौर पर खड़ी बोली पर आधारित है, जिसका व्याकरण हिंदी के समान है। भाषा विज्ञान के आधार पर हिंदी और उर्दू एक ही भाषा है। "उर्दू, हिंदी प्यारी बहनें/प्यार का गहना दोनों पहनें।'' (जौहर रहमानी) सिर्फ इनकी लिपि अलग हैं। नस्तालीक लिपि में लिखी गई हिंदी जबान को ही दरअसल, उर्दू कहा जाता है। 1857 क्रांति के दौरान उर्दू, प्रतिरोध की जबान बनकर उभरी। पत्रकारिता से लेकर तमाम क्रांतिकारी साहित्य इस जबान में लिखा गया, जिसका सबब अंग्रेज हुकूमत ने कई उर्दू अखबारों पर पाबंदी लगा दी। उनको जब्त कर लिया।

उर्दू जबान में इतिहास, दर्शन के अलावा काफी साहित्य लिखा गया है। उर्दू का अदब, दुनिया की दीगर जबानों से कमतर नहीं। अमीर खुसरो, उर्दू के शुरुआती शायर हैं। मुगल बादशाह शाहजहां के जमाने में पंडित चंद्रभान ने भी बाजारों में बोली जाने वाली इस अवामी जबान को आधार बनाकर अनेक बेशकीमती रचनाएं कीं। मुगल बादशाह शाहआलम (1759-1806 ई.) खुद शायरी लिखते थे। यही वजह है कि उनके दौर में अदीबों-शायरों को खूब मौका मिला। उनके दौर में जिन शायरों ने उर्दू अदब का सिर ऊंचा किया, उनमें अव्वल हैं मीर दर्द, मिर्जा मोहम्मद रफी 'सौदा' और मीर तकी 'मीर'। मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के जमाने में भी उर्दू अदब खूब फला-फूला। जौक, मोमिन और गालिब जैसे अजीम शायर उसी दौर के हैं। नस्र या गद्य की बात करें, तो मीर अम्मन की 'बागो बहार' और हैदरी की 'आराइश-ए-महफिल' उर्दू नस्र की इब्तिदाई किताबें हैं। उन्नीसवीं सदी की शुरुआत में इंशा ने 'रानी केतकी की कहानी' और 'दरिया-ए-लताफत' जैसे अफसाने लिखे। रजब अली बेग 'सुरूर' की किताब 'फसाना-ए-अजाइब' को पढ़ने के लिए मुल्क में काफी लोगों ने उर्दू सीखी। आगे चलकर सर सैयद अहमद, मौलाना अल्ताफ हुसैन हाली, नजीर अहमद और शिबली ने भी उर्दू अदब को अपनी तख्लीक से मालामाल किया। इसी दौर में सरशार, शरर और मिर्जा रुसवा जैसे नॉवेल निगार हुए और उनके नॉवेल पाठकों द्वारा खूब पसंद किए गए। 20वीं सदी के आगाज से ही मुल्क में चारों और अवाम में वतनपरस्ती के जज्बात आम थे। उर्दू पत्रकारिता और अदब में भी वतनपरस्ती की झलक दिखलाई देती है। इकबाल, मौलाना हसरत मोहानी, ख़्वाजा हसन निजामी, राशिदुल खैरी, मौलाना आजाद और प्रेमचंद के अदब में न सिर्फ मुल्क की आजादी के लिए छटपटाहट दिखलाई देती है, बल्कि वह अपनी रचनाओं से देशवासियों में एकता और भाईचारे के जज्बात पैदा करते हैं।

उर्दू जबान, हमारे मुल्क की गंगा-जमुनी तहजीब का अटूट हिस्सा रही है। हमारी जंग-ए-आजादी में हिस्सा लेने वाले अनेक लीडरों ने उर्दू को हिंदुओं और मुसलमानों को जोड़ने वाली बेहतरीन कड़ी बतलाया था। उर्दू किसी मजहब की नहीं, बल्कि हमारे मुल्क की जबान है। उर्दू जबान हमारा सांझा विरसा है। लिहाजा इस मीठी जबान को सभी जगह फैलाने और इसकी हिफाजत की जिम्मेदारी हम सभी की है। हमें यह जिम्मेदारी निभाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़नी चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय उर्दू दिवस के दिन यह अहद करें कि उर्दू जबान को फरोग देने के लिए हम हर मुमकिन कोशिश करेंगे। हिंदू हों या मुसलमां, ईसाई हों या सिख हों/उर्दू जबां के हम हैं उर्दू जबां हमारी/....एजाज मिल के गाएं उर्दू का सब तराना/गूंजे फजा में हर-सू उर्दू जबां हमारी। (एजाज सिद्दीकी)

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# हकीकत दिखाते चुनाव चिह्न



प्रकाश हेमावत
व्यंग्यकार

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहा की संघीय सरकार प्रत्येक पांच वर्ष के अंतराल पर चुनाव के माध्यम से चुनी जाती है। देश के नागरिक इस चुनावी प्रक्रिया में सीधे तौर पर भाग लेते हैं। कभी-कभी बेमौसम की तरह बरसात की तरह होने वाले चुनाव देश में चुनाव हो जाते हैं, जिससे फसल खराब होने की संभावना बनी रहती अर्थात देश की अर्थव्यवस्था बिगड़ जाती है और आम नागरिक का मानस पटल ऐसे त्योहारों के माहौल में विचलित हो जाता है।

चुनाव की घोषणा होते ही भविष्य के विधायकों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करके चुनाव मैदान में उतरने वाले मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को ट्रक, ऑटो रिक्शा, बांसुरी, सीटी, बिजली का खंभा, बाल्टी, जूता आदि अपना-अपने चुनाव चिह्न प्राप्त करके सीधे ही मतदाता से मिलने का प्रोग्राम तय कर लिया अब उनके चुनाव चिह्न पर एक नजर डाले तो वह इस प्रकार आ गए जैसे सब्जी मंडी सज गई हो। चुनाव चिन्ह ऐसा लग रहा है जैसे मादारियों ने अपनी डफली बजाना शुरू कर दी कोई बांसुरी की धुन छेड़ कर ऑटो रिक्शा चला रहा तो कोई बिजली के खंभे पर चढ़कर अपना पंजा हिलाकर कमल खिला रहा तो कोई जूते पहनकर किसी के घर खाना बनाकर और खा रहा और पानी की बाल्टी भरकर अपने आप को कर्मठ इमानदार सेवा भावी का तमंगा अपने गले में डाल कर घूम रहा है।

पार्टी में बरसों से अपनी सेवा देने वाले झकास दादा ने बगावती तेवर अपनाते हुए चुनाव का फार्म भरा और चुनाव चिन्ह उन्हें जूता मिला वह अपने इस चुनाव चिह्न से यह साबित करना चाहते थे की पार्टी में बरसों से सेवा करने के बाद उन्हें किस तरह से सम्मान मिलता था। बिजली की गति से जनता की सेवा के लिए तत्पर अपने हाजिरी देने वाले दगडू माल बाटली वाला को चुनाव चिह्न खंबा मिला खंबा चुनाव चिह्न प्रकार साबित करना चाहते थे कि जो भी कम होंगे अब बिजली की गति से खंबे की तरह होंगे। बागियों की सूची को और अधिक महंगाई की तरह लंबा करने वाले बागी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खबरी चंद को ऑटो रिक्शा का चुनाव चिह्न मिला चुनाव चिह्न में मिलते हैं खबरें दादा अपनी ऑटो रिक्शा में ही प्रचार प्रसार करने लग गए। ऐसे में इधर से उधर और उधर से इधर आने वाले सेवाभावी, कर्मठ, इमानदारी साबित करने वाले नेता दौड़ दौड़ कर भाग भाग कर कम समय में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं से मिलकर पारस पत्थर की तरह दिखने को तैयार है।

कुछ प्रत्याशी तो ऐसे हैं जो पिछली बार विधानसभा में अपने ही चुनाव चिह्न का उपयोग और संसदीय भाषा के रूप में कर चुके हैं। यह सेवा भावी कर्णधार कर्मठ ईमानदारी सिर्फ दिखावे के लिए हैं ठीक उसी तरह हाथी के दांत खाने के कुछ और है और दिखाने के कुछ और है ऐसे संतुष्ट और असंतुष्ट प्रत्यक्ष को चुनाव चिह्न मोबाइल, डीजल पंप, घंटी, बांसुरी, सिटी और चैन जैसे कई चुनाव चिह्न मिले।

इन सभी के चुनाव चिह्न को देखने के बाद एक बात ब्रेकिंग न्यूज़ की तरह निकाल कर आई की यह सब दल बदल की भावना से परिपूर्ण होकर पार्टी में पूर्णता झाड़ू लगाकर मतदाता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं। ऐसा आखिर कब तक चलता रहेगा।

## नॉलेज कॉर्नर: चने मसाले के साथ भारत में एंट्री कर बनाई जगह

# विभाजन के बाद मशहूर हुए छोले भटूरे

आपको जब भी हल्की भूख लगी होगी छोले-भटूरे की डिस जरूर खाई होगी। खाएं भी क्यों नहीं, छोले-भटूरे चीज ही ऐसी है कि भूख शांत होने के साथ ही पेट भी भर जाता है। जहां तक बात छोले-भटूरे की है यह दिल्ली मुंबई या देश के अन्य मैट्रो सिटीज तक ही सीमित नहीं रह गई है, बल्कि पूरे भारतवर्ष में आज चाहे जहां जाएं आपको छोले-भटूरे की डिस आसानी से उपलब्ध हो जाएगी। यहां यह जानना भी जरूरी है कि आखिर इस स्वादिष्ट और प्रसिद्ध छोले-भटूरे की डिस का इतिहास क्या है और यह इतनी पापुलर डिस भारत में कैसे बन गई है। छोले-भटूरे के बारे में विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### ऐसा है छोले भटूरे का इतिहास

उत्तर भारत के कई राज्य जैसे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी में छोटे भटूरे की रेसिपी लोगों की हर जुबान पर है। इस रेसिपी का स्वाद के साथ लंबा और रौचक इतिहास है। जो कई सदियों तक फैला हुआ मालूम होता है। जानकारी पता लगाने पर सामने आया कि छोले भटूरे की जड़ें मध्यपूर्व निकली। जहां चना मसाला नामक एक ऐसा ही भोजन काफी पहले लोकप्रिय हुआ करता था। यह चना मसाला पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान जैसे देशों में लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है। वहीं भारत में इसका छोले भटूरे वाला वर्जन चलता है। छोले भटूरे के दूसरे वर्जन चना मसाला भी है जो छोले को मसालों के मिश्रण में पकाया जाता है। साथ ही एक फ्लैटब्रेड के साथ परोसा जाता है। पुराने समय में व्यापार मार्गों के माध्यम से भारत और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों के बीच व्यापार होता था। इसी बीच चना मसाला ने अन्य मसालों और अन्य लजीज पकवानों के साथ भारत में एंट्री कर स्वाद की दुनिया में जगह बनाई। यह भी कहा जाता है कि मुगल शासक चना मसाले को भारतीय उपमहाद्वीप में लेकर आए, लेकिन इसे भारत में असली पहचान दिल्ली के होटल व्यापारियों ने दिलाई।



### ऐसे हुआ मशहूर

ऐसा माना जाता है कि सीताराम नामक एक पंजाबी व्यक्ति ने इसे प्रसिद्धि दिलाई। खमीरी रोटी और भटूरे पंजाबी रसोइयों द्वारा तैयार की गई रेसिपी थी। ये पंजाबी रसोइए भरवा पकवान तैयार करने में एक्सपर्ट होने के तौर पर जाने जाते थे। इतिहास खंगलाने पर सामने आया कि सीताराम नाम के एक पंजाबी सज्जन 1947 में विभाजन के बाद पाकिस्तान के पंजाब से परिवार सहित से दिल्ली में आकर बसे। यहां उन्होंने पहाड़गंज में 'सीताराम दीवान चंद' नाम से दुकान खोली और छोल भटूरे की रेसिपी बनाकर लोगों को खिलाई। धीरे-धीरे यह रेसिपी लोगों की जुबान पर घर कर गई।

### पेशोरी लाल को भी देते हैं श्रेय

*छोले भटूरों को लेकर कुछ लोग यह भी मानते हैं कि 1947 में पाकिस्तान से पेशोरी लाल लांबा नाम के सज्जन दिल्ली आए और उन्होंने कनॉट प्लेस में फेमस क्वालिटी नामक रेस्तरां स्थापित किया। वह अपने साथ छोले की रेसिपी लेकर आए थे। इस तरह स्वादिष्ट छोले दिल्ली और भारत में मशहूर हो गए।*

कंटेंट: बजरंग बुनकर

### X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
99% आम भारतीयों पर हमला, 1% पूंजीपति मोदी 'मित्रों' को फायदा।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
आज फ्री बिजली पा रहे राजस्थान के हर खेत और किसान के दिल से यही आवाज़ आ रही है- #कांग्रेस_की 7गारंटी #कांग्रेस_फिर_से



**दीया कुमारी,** बीजेपी सांसद, राजस्थान
@KumariDiya
पेपर लीक का रिकॉर्ड बनाने वाली कांग्रेस सरकार को हटाना है, राजस्थान में 'कमल' खिलाकर युवाओं का भविष्य उज्ज्वल बनाना है..




**छत्तीसगढ़ की चुनाव परिक्रमा:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने चुनाव सभा में पीएम मोदी पर किया सियासी प्रहार

# भाजपा नहीं चाहती आदिवासी बड़े सपने देखें और प्रगति करें: राहुल

**एजेंसी** | अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के मतदान के साथ ही दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार के लिए सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के दौरे के एक दिन बाद बुधवार को राहुल गांधी राज्य के दौरे पर पहुंचे। राहुल ने अंबिकापुर निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली में भाजपा पर आदिवासियों के अधिकार छीनने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा आदिवासियों को 'वनवासी' कहती है क्योंकि वह नहीं चाहती कि वे बड़े सपने देखें और प्रगति करें। वे आपसे (आदिवासियों से) कहते हैं कि अंग्रेजी मत सीखो क्योंकि वे चाहते हैं कि न आप बड़े सपने देखें और न ही उन्हें पूरा करें।



### भाजपा छीनती है आदिवासियों के अधिकार

राहुल ने कहा,, वनवासी और आदिवासी शब्दों में बहुत बड़ा अंतर है। आपने वह वीडियो देखा होगा जिसमें एक भाजपा नेता ने (मध्यप्रदेश में) एक आदिवासी युवक पर पेशाब कर दिया। यह भाजपा की मानसिकता है। उन्होंने कहा, भाजपा आपका अधिकार छीनती है, हम आपको अधिकार देते हैं। हम आपको गले लगाते हैं, भाजपा नेता आप पर पेशाब करते हैं। उन्होंने कहा, वन क्षेत्र कम हो रहा है। अगले 15-20 साल में जब जंगल लुप्त हो जाएंगे तो वनवासी कहां जाएंगे? क्या वे सड़कों पर भीख मांगेंगे?

### खुद को ओबीसी कहते हैं पर जातिगत जनगणना नहीं कराते

राहुल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सियासी हमला किया और कहा कि वह खुद को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का व्यक्ति बताते हैं, लेकिन जब पिछड़े वर्ग का समर्थन करने का समय आता है तो वे कहते हैं कि ओबीसी जाति नहीं है। जब हमने मांग की कि जातीय जनगणना होनी चाहिए तो उन्होंने कहा कि एक ही जाति है और वह 'गरीब' है। तो आप अपने आपको ओबीसी क्यों कहते हैं। यदि केवल एक ही जाति है तो वे कौन हैं जो अमीर हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सत्ता बरकरार रहने के बाद छत्तीसगढ़ में पहले दिन से जाति जनगणना शुरू की जाएगी।अगर लोकसभा चुनाव में केंद्र में कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो देश में जाति आधारित जनगणना कराई जाएगी।

### एप मामले में केंद्र सरकार पर बरसे बघेल

रायपुर। सीएम भूपेश बघेल ने बुधवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसने उनके निर्वाचन क्षेत्र पाटन के लोगों को डराने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को एक ऐसे व्यक्ति के परिसर में भेजा है जो उनके निर्वाचन प्रक्रिया में आधिकारिक व्यय लेखक की भूमिका निभा रहा है। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने बुधवार सुबह दुर्ग जिले के भिलाई इलाके में पटाखा व्यापारी सुरेश धिंगानी के ठिकानों पर छापेमारी की। हालांकि, यह कार्रवाई किस मामले को लेकर की जा रही है, इसकी जानकारी नहीं है। कार्रवाई पर हुए, बघेल ने 'एक्स' पर लिखा,मुझे लगा था पहले चरण का एक्ज़िट पोल कुछ दिनों बाद पता चलेगा। लेकिन साहेब ने मंगलवार सुबह ही बता दिया। सुबह सुबह ही मेरी निर्वाचन प्रक्रिया में आधिकारिक व्यय लेखक की भूमिका निभा रहे सुरेश धिंगानी के यहां ईडी को भेज दिया है। बघेल ने लिखा है, पाटन विधानसभा की जनता को डराने की इस कोशिश में वैसी ही विफलता मिलेगी जैसी सोमवार को 20 सीटों पर मतदान में भाजपा को मिली है।

### तेलंगाना में 'गदर' की बेटी भी है चुनाव मैदान में



**हैदराबाद**। प्रसिद्ध क्रांतिकारी कवि एवं गायक गुम्मडी विट्ठल राव 'गदर' की 43 वर्षीय बेटी जी वी वेनेला 30 नवंबर को होने वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान में खास शैली का इस्तेमाल कर रही हैं। चुनाव प्रचार के दौरान वह कहती हैं, सभी गुलाम जाग जाओ। जीवन गुलाम बनाने के लिए नहीं। भीख मांगने से भूख नहीं मिटेगी। जो हमारा है उसे पाने के लिए मतपत्र का इस्तेमाल करें। व्यवसाय प्रबंधन में डॉक्टरेट की डिग्री हासिल कर चुकीं वेनेला का सिकंदराबाद छावनी निर्वाचन क्षेत्र (एससी आरक्षित) में पूर्व बीआरएस विधायक दिवंगत जी सायन्ना की बेटी जी लस्या नंदिता के साथ मुकाबला है। गदर का इस साल अगस्त में निधन हो गया था, जबकि सायन्ना का निधन फरवरी में हुआ था।

### चेन्निथला कांग्रेस के विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त



**नई दिल्ली**। ग्रेस ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपने वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला को विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया। पार्टी के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चेन्निथला को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विशेष पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण और कुछ अन्य नेताओं को भी विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया था।

**एमपी में सियासी घमासान:** पीएम मोदी और प्रियंका ने किया चुनावी सभाओं को संबोधित

# वे करें शिकायत, मैं अच्छा काम जारी रखूंगा: मोदी

■ मुफ्त राशन योजना को लेकर पीएम मोदी कांग्रेस पर बरसे

**एजेंसी** | दमोह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि वे गरीब लोगों के लिए मुफ्त राशन योजना को पांच साल तक बढ़ाने के उनके वादे की चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें यह पाप करने दीजिए, मैं लोगों के लिए अच्छा काम करना जारी रखूंगा। मोदी ने 17 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले मध्यप्रदेश के दमोह व गुना शहर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि अगले पांच साल तक 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2014 में जब हम सत्ता में आए तो देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में 10वें स्थान पर थी।

धीरे-धीरे यह 9वें, 8वें, 7वें और 6ठे स्थान पर पहुंची लेकिन कहीं कोई इसके बारे में बात नहीं कर रहा था। जब यह 200 साल तक देश पर राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़कर 5वें स्थान पर पहुंची तो हर कोई हैरान रह गया और भारत की ओर देखने लगा। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान वह देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में ले जाएगे। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव अगले साल होने हैं।



### घोटालेबाजों को मोदी से परेशानी होगी

पीएम मोदी ने कहा, भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर कांग्रेस मुझे दिन में 100 बार गालियां देती है। जो लोग हजारों करोड़ रुपए के घोटालों में जमानत पर हैं, उन्हें मोदी से परेशानी होगी ही। कांग्रेस को जहां भी मौका मिलता है...वह क्या करती है छत्तीसगढ़ में सट्टेबाजी और राजस्थान में काले कारनामे की लाल डायरी है। सरकार, मुख्यमंत्री का कमरा और सट्टा। सट्टेबाज कह रहा है कि उसने मुख्यमंत्री को 500 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। प्रधानमंत्री ने सभा से पूछा, क्या आप मध्यप्रदेश को बर्बाद करना चाहते हैं? कांग्रेस का मतलब बर्बाद करने की गारंटी है। लोग सबक सिखाने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं।

### जारी रहेगी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई

मोदी ने यह भी कहा कि उनके खिलाफ अपशब्द कहे जाने के बावजूद वह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस को सत्ता सौंपी, लेकिन उनके मुख्यमंत्री सट्टेबाजी और काला धन पैदा करने में शामिल पाए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में वापस आती है, तो राज्यों में 85 प्रतिशत कमीशन मशीन काम करेगी जैसा कि उस पार्टी के एक प्रधानमंत्री ने एक बार कहा था। पीएम मोदी ने देश को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए उठाए गए उन्होंने कहा कि जब 2014 में हमारी सरकार सत्ता में आई तो मैंने कहा कि चीजें इस तरह कभी नहीं चलेंगी। तो, पहला काम जो मैंने किया वह यह कि मैंने इस भ्रष्ट कांग्रेस मशीन के सभी टायरों को पंक्चर कर दिया।

# सरकारी कंपनियां पीएम के मित्रों को दे दी गईं: प्रियंका

■ भेल की स्थिति को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

**एजेंसी** | इंदौर

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल की नीति सरकारी कंपनियों का नियंत्रण उद्योगपतियों को सौंपने की है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय प्रबंधन संस्थान और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसे संस्थानों की स्थापना के पीछे देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का विचार देश को आगे ले जाना था।

लेकिन सरकार द्वारा संचालित कंपनियों को उद्योगपतियों को सौंपना और लोगों की जेब से पैसा निकालना भाजपा की नीति बन गई है। प्रियंका ने मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के सांवेर में एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) की स्थिति को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर निशाना साधते हुए दावा किया कि सरकार द्वारा संचालित कंपनियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्योगपति मित्रों को दे दी गई हैं। नौकरियों का निजीकरण हो रहा है, सरकारी कर्मचारियों की पेंशन बंद कर दी गई है।




### पीएम मोदी पर किया कटाक्ष

प्रियंका ने कहा, मोदी कहते हैं कि पिछले 70 साल (कांग्रेस शासन) में कुछ नहीं हुआ... जिस स्कूल में मोदी जी पढ़ते थे, वह कांग्रेस ने बनवाया था। मुझे नहीं पता कि मोदीजी कॉलेज गए थे या नहीं, लेकिन कम से कम उनकी डिग्री का प्रमाणपत्र कांग्रेस द्वारा दिए गए कंप्यूटर से मुद्रित किया गया होगा। उन्होंने कहा कि उस समय उनके पिता राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और वह देश में कंप्यूटर लाना चाहते थे। प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के उन वादों को दोहराया जिसमें प्रति क्विंटल गेहूं के लिए 2,600 रुपए और प्रति क्विंटल धान के लिए 2,500 रुपए का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कृषि ऋण माफी, 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली और 200 यूनिट तब बिजली के उपयोग पर आधा टैरिफ, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना, 500 रुपए में रसोई गैस का सिलेंडर और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना शामिल है। अन्य बातों के अलावा, जिनमें जाति जनगणना, दो लाख सरकारी पदों को भरना, भर्ती परीक्षाओं के लिए शुल्क माफी और छात्रवृत्ति के साथ 12वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा शामिल है।

निर्वाचन आयोग से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

# ईडी की मनमानी बंद होनी चाहिए: कांग्रेस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने महादेव एप के मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा लगाए गए आरोपों की पृष्ठभूमि में बुधवार को निर्वाचन आयोग का रुख किया और कहा कि विधानसभा चुनाव के समय केंद्रीय एजेंसी की 'मनमानी' बंद होनी चाहिए और उसे संरक्षण मिलना चाहिए।

पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग पहुंचकर प्रतिवेदन दिया और यह दावा भी किया कि चुनाव आते ही केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जाता है ताकि कांग्रेस को चुनावी रण में समान अवसरों से उपेक्षित रखा जा सके।



### एप को पहले क्यों नहीं किया प्रतिबंधित

सिंघवी ने सवाल किया, केंद्र सरकार ने पहले इस एप को प्रतिबंधित क्यों नहीं किया। उन्हें प्रदेश सरकार की पूर्व अनुमति क्यों चाहिए थी? ईडी कहती है कि गैरकानूनी काम हो रहा है, छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए बाहर से पैसा आ रहा है। आपने अभी तक जांच शुरू नहीं की और चुनाव के समय आरोप लगाने लगे, ताकि चुनाव में कांग्रेस का नुकसान हो।

### चुनाव प्रचार में ज्योतिरादित्य सिंधिया



उज्जैन। नागरिक उड्डयन मंत्री व भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया बुधवार को विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार अभियान के दौरान उज्जैन में एक सभा में प्रत्याशी के साथ।

**तेलंगाना की चुनावी डायरी**

# एआईएमआईएम बिगाड़ सकता है अजहरुद्दीन का सियासी गणित

**एजेंसी** | हैदराबाद

हैदराबाद के जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने अपनी जीत का भरोसा जताते हुए बुधवार को कहा कि वह एआईएमआईएम द्वारा उम्मीदवार खड़ा किए जाने को लेकर चिंतित नहीं है। अजहरुद्दीन ने विश्वास जताया कि जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र के लोग उनके साथ हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एआईएमआईएम उम्मीदवार जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के वोट विभाजित कर सकते हैं। असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने पहली बार जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र से मोहम्मद राशिद फराजुद्दीन को मैदान में उतारा है। सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति ने अपने मौजूदा विधायक एम गोपीनाथ को इस क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है। अजहरुद्दीन ने पीटीआई-भाषा को बताया, हम अपना खुद का चुनाव लड़ रहे हैं। हमें वास्तव में यह चिंता नहीं है कि कौन क्या कर रहा है। मैं अपना खुद का चुनाव लड़ रहा हूं। अजहरुद्दीन ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीतेगी और तेलंगाना में सरकार बनाएगी।

राजनीतिक विश्लेषक तेलंकापल्ली रवि ने कहा कि एआईएमआईएम उम्मीदवार कांग्रेस के वोट विभाजित कर सकते हैं जिससे बीआरएस को फायदा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव में अजहरुद्दीन के जीतने की गारंटी नहीं है क्योंकि उन पर कई आरोप हैं।



### तेलंगाना अयोग्य लोगों के हाथों में नहीं जाना चाहिए: राव

भारत राष्ट्र समिति सुप्रीमो व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने बुधवार को कहा कि अगर राज्य अयोग्य लोगों के हाथों में चला गया तो तेलंगाना में विकास की गति प्रभावित होगी। प्रदेश के सिरपुर में एक चुनावी रैली को में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 2014 में जब तेलंगाना राज्य का गठन हुआ था, तब पानी और बिजली आपूर्ति की समस्या, किसानों की आत्महत्या, भूख से मौत और उद्योगों का बंद होना आम बात थी। प्रदेश की बीआरएस सरकार ने इन सभी समस्याओं का समाधान किया है और अब लोगों को विभिन्न कल्याणकारी लाभ प्रदान कर रही है। राव ने दावा किया कि तेलंगाना हर घर में नल से पीने का पानी पहुंचाने वाला देश का एकमात्र राज्य है। उन्होंने अपनी सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला, जिसमें 24 घंटे बिजली आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कल्याण लक्ष्मी योजना और किसानों के लिए 'रायथु बंधु' निवेश सहायता योजना शामिल है। उन्होंने किसानों को केवल तीन घंटे बिजली आपूर्ति का कथित तौर पर समर्थन करने और रैयतों के लिए 'रायथु बंधु' योजना को व्यर्थ व्यय करार देने को लेकर कांग्रेस नेताओं की निंदा की। मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या यह फिजूलखर्ची है ? उन्होंने रैली में मौजूद लोगों से कहा,आपको निर्णय करना चाहिए क्या बेकार है और कौन बेकार है।





### BJP से गठबंधन जनसेना प्रत्याशियों की सूची जारी

भाजपा के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर समझौता करने के बाद, अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना पार्टी ने अपने आठ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी द्वारा मंगलवार को जारी सूची के अनुसार, एकमात्र महिला उम्मीदवार एम. उमादेवी असवराओपेटा (अजजा) निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी, जबकि जनसेना के तेलंगाना प्रभारी शंकर गौड़ को तंदूर सीट से मैदान में उतारा जाएगा। अभिनय की दुनिया से राजनीति में आए पवन कल्याण ने मंगलवार को यहां भाजपा द्वारा आयोजित 'बीसी आत्म गौरव सभा' में भाग लिया था।

## जरूरी खबर

### ज्ञानवापी परिसर: तहखाने के मामले में आदेश सुरक्षित



**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर स्थित 'व्यास जी के तहखाने' की चाबियों को जिलाधिकारी को सौंपने के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए आदेश को 18 नवंबर के लिए सुरक्षित रख लिया। जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने यह जानकारी दी।। दूसरी ओर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को ज्ञानवापी मामले में सुनवाई एक दिसंबर, 2023 तक के लिए टाल दी।

### धामी तीसरी बार एसजीपीसी के अध्यक्ष निर्वाचित



**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार हरजिंदर सिंह धामी को बुधवार को दोबारा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। एसजीपीसी अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में, धामी ने बलबीर सिंह घुनस को हराया। घुनस को शिअद (संयुक्त) अध्यक्ष सुखदेव सिंह ढींडसा और एसजीपीसी की पूर्व अध्यक्ष बीबी जगीर कौर ने मैदान में उतारा था। यह तीसरा मौका है जब धामी शीर्ष गुरुद्वारा निकाय के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

### ज्ञानेन्द्र रावत वर्ल्ड इनवायरमेंट समिट में सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा।** वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद ज्ञानेन्द्र रावत गत दिवस गलगोटिया यूनिवर्सिटी में आयोजित वर्ल्ड इनवायरमेंट समिट में इनवायरमेंटल एक्सीलेंस अवार्ड-2023 से सम्मानित किए गए। रावत को यह सम्मान बीते दशकों में उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए उनके महती योगदान के लिए दिया गया। उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात पर्यावरणविद, चिपको आंदोलन के नेता चंडी प्रसाद भट्ट, वाशिंगटन से आए ग्लोबल पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. मार्कण्डेय राय सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण विज्ञानी व शोधार्थी मौजूद थे।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किए भगवान बदरीनाथ के दर्शन



**चमौली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित बदरीनाथ धाम के दर्शन किए । उन्होंने मंदिर में भगवान बदरी विशाल की करीब 25 मिनट तक पूजा अर्चना की और देश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इससे पहले, मुर्मू वायुसेना के हेलिकॉप्टर से बदरीनाथ में सेना के हेलिपेड पर पहुंची, जहां उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनकी अगवानी की।

## मोइत्रा के खिलाफ CBI जांच का आदेश: निशिकांत



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बुधवार को कहा कि लोकपाल ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जांच का आदेश दिया है। दुबे ने मोइत्रा पर लोकसभा में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने का आरोप लगाया था और इस मामले की शिकायत की थी। इस घटनाक्रम की ओर परोक्ष तौर पर इशारा करते हुए मोइत्रा ने कहा कि सीबीआई को पहले अडाणी समूह के कथित कोयला घोटाले की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए। उन्होंने यह कटाक्ष भी किया कि 'लोकपाल अभी जिंदा है।'इस मामले को लोकसभा की आचार समिति देख रही है। मोइत्रा ने किसी भी तरह का आर्थिक लाभ प्राप्त करने के आरोप से इनकार किया है। दुबे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में सीबीआई जांच की बात कही।

### बिहार: नीतीश की टिप्पणी पर बढ़ी तकरार, पीएम ने भी किया प्रहार

# मुख्यमंत्री नीतीश ने माफी मांगी कहा-मैं शर्म महसूस कर रहा हूं

**एजेंसी** | पटना/नई दिल्ली



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक दिन पहले जनसंख्या को नियंत्रित करने में महिला शिक्षा के महत्व से जुड़ी टिप्पणी पर सियासी हमले शुरू हो गए। इसके बाद नीतीश ने बुधवार को बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ-साथ इसके बाहर भी माफी मांगी। नीतीश की टिप्पणी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनका नाम लिए बगैर उन पर प्रहार किया और कहा कि विपक्षी गठबंधन के एक बड़े नेता ने राज्य विधानसभा में महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया जिसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता...उन्हें इसके लिए शर्म तक महसूस नहीं हुई। महिलाओं के प्रति इतने अनादर के बावजूद विपक्षी समूह के घटकों ने एक शब्द भी नहीं बोला। दूसरी ओर बुधवार को नीतीश के विधानसभा परिसर में पहुंचने पर भाजपा विधायक ने हाथों में तख्तियां लेकर उनके बयानों की निंदा की और उनके इस्तीफे की भी मांग की। इस पर नीतीश ने वहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, मुझे आज पता चला है कि मैंने सोमवार को जो कुछ कहा था, वह कई लोगों को पसंद नहीं आया।

मेरा इरादा महिला सशक्तीकरण पर मेरी सरकार के जोर और जनसंख्या नियंत्रण में महिलाओं के बीच साक्षरता में सुधार की भूमिका को उजागर करना था। हालांकि, अगर किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं माफी मांगता हूं और अपने शब्द वापस लेता हूं।

सुबह 11 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने पर नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा सदस्य अपना आक्रोश व्यक्त करने के लिए आसन के सामने पहुंच गए। । विपक्षी सदस्य यह आरोप लगाते हुए नारे लगा रहे थे कि मुख्यमंत्री 'मानसिक रोगी' हो गए हैं।

### महिला आयोग ने की कार्रवाई की मांग

इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग ने विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर 'अपमानजनक और घटिया भाषा' का इस्तेमाल करने के लिए मुख्यमंत्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोशल मीडिया मंच'एक्स' पर अपने पोस्ट में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा जैसे विपक्षी नेताओं से विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के प्रमुख नेता नीतीश कुमार की निंदा करने का आग्रह किया। शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने शर्मा पर पलटवार करते हुए उन पर 'राजनीति से प्रेरित'होने और पक्षपात करने का आरोप लगाया। भाजपा की दिल्ली इकाई ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के चाणक्यपुरी स्थित बिहार भवन के नजदीक प्रदर्शन किया और नीतीश की टिप्पणी को लेकर उनका इस्तीफा मांगा।

### दिल्ली में प्रदूषण गंभीर श्रेणी में

## सम-विषम योजना पर अमल फिलहाल टाला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बुधवार सुबह फिर से गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। वायु गुणवत्ता सूचकांक मंगलवार शाम चार बजे 395 था जो बढ़कर 421 पर पहुंच गया। इस बीच, दिल्ली सरकार ने बुधवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा सम-विषम कार योजना की प्रभावशीलता की समीक्षा किए जाने के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को वाहन प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से संबंधित इस योजना की प्रभावशीलता पर सवाल उठाया था।



### अब शीतकालीन अवकाश 18 तक

राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मद्देनजर सभी स्कूलों की दिसंबर की शीतकालीन छुट्टियों में फेरबदल किया गया है। यह अब नौ नवंबर से 18 नवंबर तक होंगी। शिक्षा निदेशालय ने यह जानकारी दी है।

### कृत्रिम बारिश की योजना

राय ने कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए इस महीने 'क्लाउड सीडिंग' के जरिए कृत्रिम बारिश कराने की योजना बना रही है। राय ने आईआईटी-कानपुर के वैज्ञानिकों के साथ एक बैठक की, जिन्होंने बताया कि 'क्लाउड सीडिंग' की कोशिश तभी की जा सकती है जब वातावरण में नमी या बादल हों।

### महादेव सट्टेबाजी एप मामले में कार्रवाई

## 15,000 करोड़ की धोखाधड़ी 32 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**एजेंसी** | मुंबई

मुंबई पुलिस ने कथित तौर पर करीब 15,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में 'महादेव' सट्टेबाजी एप के 'प्रवर्तक' समेत 32 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। माटुंगा पुलिस के अधिकारी के अनुसार, 2019 से अब तक धोखाधड़ी करने के लिए 'एप प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर एवं मुख्य आरोपी रवि उप्पल और शुभम सोनी तथा अन्य के खिलाफ मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारी ने बताया कि 30वीं कुर्ला अदालत के निर्देश पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 120-बी (साजिश), सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (साइबर आतंकवाद के लिए) और जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों ने लोगों से करीब 15 हजार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पांच नवंबर को, केंद्र ने प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर महादेव एप और 'रेड्डीन्नाप्रिस्टोप्रो' समेत 22 अवैध सट्टेबाजी प्लेटफार्मों को ब्लॉक किए जाने के निर्देश दिए। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले सप्ताह दावा किया था कि फोरेंसिक विश्लेषण और एक 'कैश कूरियर' की ओर से दिए गए बयान से 'चौंकाने वाले आरोप' लगे हैं कि महादेव सट्टेबाजी ऐप प्रमोटरों ने अब तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को लगभग 508 करोड़ रुपए का भुगतान किया है, और 'यह' जांच का विषय हैं।

## अल नीनो अप्रैल 2024 तक जारी रहेगा

**नई दिल्ली।** विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने कहा है कि अल नीनो घटनाक्रम के कम से कम अप्रैल 2024 तक जारी रहने की उम्मीद है, जिससे मौसम का मिजाज प्रभावित होने तथा जमीन और समुद्र के तापमान में और वृद्धि हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि अल नीनो स्थिति के अगले साल दक्षिण-पश्चिमी मानसून के मौसम को प्रभावित करने की संभावना नहीं है। अल नीनो जुलाई-अगस्त के दौरान तेजी से विकसित हुई और सितंबर तक मध्यम स्तर तक पहुंच गई।

## आडवाणी को जन्मदिन पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने उनके आवास पर पहुंचे। आडवाणी बुधवार को 96 साल के हो गए। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आडवाणी जी के आवास पर गया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।'मोदी ने आडवाणी के साथ अपनी तस्वीरें भी साझा कीं।

**यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स**

# भारतीय विवि ने एशिया में चीन को पछाड़ा, हमारे 148 संस्थान सूची में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बंबई ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स-एशिया में भारत में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है और भारत ने इस सूची में रैंक प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों की संख्या में चीन को पछाड़ दिया है।

बुधवार को जारी की गई रैंकिंग के मुताबिक, भारत में अब सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाली उच्च शिक्षा व्यवस्था है और रैंकिंग सूची में भारत के 148 विश्वविद्यालय है जो पिछले साल की तुलना में 37 ज्यादा हैं। इसके बाद चीन के 133 और जापान के 96 संस्थान हैं।



### शीर्ष 100 में हैं ये संस्थान

पिछले साल की तरह, आईआईएससी बैंगलोर, दिल्ली विश्वविद्यालय और पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान - बंबई, दिल्ली, मद्रास, खड़गपुर, कानपुर - ने एशिया के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान हासिल किया है।क्यूएस में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने कहा, क्यूएस रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की बढ़ती संख्या भारत के उच्च शिक्षा परिदृश्य के विस्तार को दर्शाती है।

### छात्रों के मामले में भी चीन से आगे

क्यूएस के मुताबिक, भारत ने 'आउटबाउंड स्टूडेंट मोबिलिटी' (विदेश जाने वाले छात्र) में भी उपलब्धि हासिल की। अमेरिका में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ भारत 15 वर्षों में पहली बार चीन से आगे निकल गया है।

### नियोक्ता प्रतिष्ठा में औसत से नीचे

भारत शैक्षणिक प्रतिष्ठा और नियोक्ता प्रतिष्ठा में क्षेत्रीय औसत से नीचे है, लेकिन इसने 10 से अधिक विश्वविद्यालयों के साथ उच्च शिक्षा व्यवस्था में प्रति संकाय 'मीट्रिक पेपर' में दूसरा सबसे अच्छा क्षेत्रीय परिणाम हासिल किया है। भारत ने पीएचडी संकेतक में कर्मचारियों के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ औसत अंक हासिल किए हैं, जो मजबूत अनुसंधान परिणाम और उच्च योग्य प्राप्त संकाय निकाय का संकेत देता है। अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क संकेतक में भारत का प्रदर्शन 15.4 अंक के साथ क्षेत्रीय औसत से थोड़ा नीचे है जो 18.8 अंक है।

## विदेशी विवि परिसरों के लिए नियम तय

**एजेंसी** | नई दिल्ली

यूजीसी ने विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए भारत में परिसर स्थापित करने और संचालित करने के लिए बुधवार को विनियम अधिसूचित किये। यूजीसी के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने कहा, विनियमों का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के अनुरूप भारत में विदेशी उच्च शैक्षणिक संस्थानों के प्रवेश को सुविधाजनक बनाना और भारत में उच्च शिक्षा को एक अंतरराष्ट्रीय आयाम प्रदान करना है। इन विनियमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परिसर में



दी जाने वाली शिक्षा मूल देश के मुख्य परिसर के समतुल्य हो और इसका संचालन निर्धारित कानून और विनियमों के अनुरूप हो। विनियमों के अनुसार, भारत में परिसर स्थापित करने के इच्छुक विदेशी संस्थानों को वैश्विक रैंकिंग की समग्र श्रेणी में शीर्ष 500 के भीतर एक स्थान हासिल किया होना चाहिए।

### इन कार्यक्रमों की होगी अनुमति

विदेशी विश्वविद्यालयों को उनके भारतीय परिसरों में, स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट और पोस्ट-डॉक्टरेट स्तरों पर सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री, अनुसंधान और अन्य कार्यक्रमों के लिए अध्ययन कार्यक्रम पेश करने की अनुमति दी जाएगी। गतिविधियों के लिए मूल इकाई के प्रतिनिधि कार्यालयों के रूप में कार्य कर सकते हैं।

## JKK: सुनहरी यादें देकर विदा हुआ लोकरंग, म्यूजिक सिंफनी ने किया मंत्रमुग्ध

# 26 राज्यों के 2,603 कलाकारों ने जयपुर में जमाया संस्कृति का रंग

बेधड़क | जयपुर

जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित लोकरंग महोत्सव सुनहरी यादें देकर बुधवार को शानदार अंजाम पर पहुंचा। महोत्सव के अंतिम दिन मध्यवर्ती में भारतीय लोक संस्कृति की अनुपम व विराट छवि साकार हुई। विभिन्न प्रस्तुतियों के बाद खास म्यूजिकल सिंफनी और सांस्कृतिक समागम ने सभी को भाव विभोर कर दिया। पारंपरिक वेश में कलाकारों ने अपने वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य करते हुए शोभा यात्रा निकाली और शिल्पग्राम में जाकर महोत्सव का समापन हुआ। दस्तकारों के उत्पाद खरीदने के लिए शिल्पग्राम में लगे राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। समापन समारोह में गायत्री राठौड़, प्रमुख शासन सचिव कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग और महानिदेशक जवाहर कला केन्द्र प्रियंका जोधावत, अति. महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र व अन्य प्रशासनिक अधिकारी और कला प्रेमी मौजूद रहे।

### 11 दिन तक सजी लोक संस्कृति की महफिल

29 अक्टूबर से शुरू हुए 11 दिवसीय महोत्सव में 26 राज्यों की लोक कला प्रस्तुतियां और हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी देखने को मिली। मध्यवर्ती के मंच पर प्रतिदिन अलग-अलग राज्यों के लोक कलाकारों ने अपने राज्यों की संस्कृति के सौंदर्य को दर्शाया वहीं शिल्पग्राम में लगे राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में दस्तकारों का हुनर देखने को मिला। शिल्पग्राम के मुख्य मंच पर भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई।

### सिंफनी के संग सांस्कृतिक समागम

सिम्फनी में रबाब, शेरपा, तविल, मटका, बीन, कामायचा समेत 12 राज्यों के 20 से अधिक वाद्य यंत्रों से एक साथ धुन छेड़कर सभी का ध्यान खींचा। लयबद्ध प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके बाद मध्यवर्ती के चारों प्रवेश द्वारों से अलग-अलग राज्यों के कलाकार प्रस्तुति देते हुए मंच पर पहुंचे। दीपमाला लेकर कलाकारों ने मध्यवर्ती को रौशन किया। कलाकारों की शोभा यात्रा शिल्पग्राम पहुंची और लोकरंग का समापन हुआ। अंत में कला प्रेमी भी नृत्य करते और झूमते नजर आए।



### राजस्थान के 1,023 कलाकारों ने लिया भाग

लोकरंग के राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह में 11 दिन में राजस्थान समेत 26 राज्यों के कुल 2603 कलाकारों ने हिस्सा लिया। इनमें राजस्थान के कुल 1023 कलाकार शामिल हैं। अन्य राज्यों के 1580 कलाकार लोकरंग में हिस्सा लेने पहुंचे जिनमें से 680 महिला कलाकार रहीं। राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में 110 स्टॉल्स लगायी गयी। इनमें 4 नेशनल अवॉर्डी व 11 स्टेट अवॉर्डी शामिल रहे। कुल 156 दस्तकारों में से 90 महिलाओं को मौका मिला।

### समापन समारोह में नृत्यों पर झूमे दर्शक

लोकरंग महोत्सव के समापन समारोह को लेकर कला प्रेमियों में भारी उत्सुकता देखी गई। खेता खां मांगणीयार व उनके साथियों के गायन के साथ राजस्थानी संस्कृति के रंग मध्यवर्ती में छा गए। त्रिपुरा के होजागिरी में महिलाओं का बेहतर संतुलन देखने को मिला, हिमाचल के सिरमौरी नाटी के बाद गुजरात के गरबा में देवी आराधना का भाव प्रस्तुत किया गया। मणिपुर के लाई हरोबा में सुसज्जित वेश में तैयार कलाकारों ने प्रकृति का धन्यवाद ज्ञापित किया। फसल कटाई का उल्लास और पहाड़ों की सुंदरता रउफ की प्रस्तुति में नजर आई। असम के बारदोई शिखला के बाद उत्तर प्रदेश के मयूर नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। गुजरात के सिद्दी गोमा ने सभी को रोमांचित कर दिया।



## 'सिंघम अगेन' में करीना भी चलाएंगी पुलिस के संग गोली



**बेधड़क. जयपुर।** डाइरेक्टर रोहित शेट्टी अपनी अपकमिंग कॉप यूनिवर्स 'सिंघम अगेन' को ब्लॉक बस्टर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने कई प्रयोग किए हैं। अब उन्होंने सिंघम की जीवनसंगिनी का रोल कर रही करीना कपूर को भी पिस्टल पकड़ा दी है। अब वो भी मूवी में अपराधियों पर गोली चलाती नजर आएंगी। करीना कपूर के इस लुक का उन्होंने बुधवार को पोस्टर जारी किया। मूवी में लेडी सिंघम के रूप में दीपिका पादुकोण की एंट्री कराने के साथ ही रोहित शेट्टी टाइगर श्राफ को भी कॉप के रूप में जोड़ चुके हैं। मूवी में सिंघम के रूप में अजय देवगन तो हैं ही उनका साथ देने के लिए सिंबा के रूप में रणबीर सिंह और सूर्यवंशी के रूप में अक्षय कुमार मौजूद हैं।

## अब 2 मिनट 22 सेकंड बड़ी होगी सलमान की 'टाइगर 3'




**बेधड़क. जयपुर।** सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म टाइगर 3 का रन टाइम बढ़ा दिया गया है। अब दर्शकों को यह मूवी 2 मिनट 22 सेकंड बड़ी देखने को मिलेगी। इसके लिए प्रोडक्शन हाउस की ओर से सिनेमाघर मालिकों को मूवी को एंड तक दिखाने के लिए भी कहा गया है। बता दें कि यशराज फिल्म्स ने टाइगर 3 में एक्स्ट्रा फुटेज जोड़ा है, वो भी सेंसर के बाद। इसके लिए मूवी को दोबारा सेंसर करवाया गया। टाइगर 3 पहले 27 अक्टूबर को सेंसर बोर्ड से पास हुई थी। उस वक्त इसकी लंबाई 2 घंटे था, 33 मिनट, 38 सेकंड... थी। इसके बाद 6 नवंबर को टाइगर 3 को बड़ी लेंथ के साथ फिर से सेंसर करवाया गया। अब फिल्म की लंबाई 2 घंटे, 36 मिनट हो गई है।

## City इवेंट्स

### मनोज वाजपेयी की अपकमिंग फिल्म 'जोरम' का राजस्थान से है कनेक्शन



**बेधड़क. जयपुर।** मनोज वाजपेयी की अपकमिंग फिल्म 'जोरम' का राजस्थान से भी कनेक्शन है। बीकानेर के पंकज बत्रा मूवी के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर, और लाइन प्रोड्यूसर जयपुर के अश्विन हैं। जी स्टूडियोज की यह फिल्म 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके डाइरेक्टर देवाशीष मखीजा और निर्माता अनुपमा बोस, शारिक पटेल, आशिमा अवस्थी चौधरी और देवाशीष मखीजा हैं। 'जोरम' एक भारतीय सर्वाइवल थ्रिलर ड्रामा है, जिसने विभिन्न फिल्म फेस्टिवल में काफी तारीफें भी बटोरी हैं। इस फिल्म में मनोज वाजपेयी के साथ मोहम्मद जीशान अय्यूब, राजश्री देशपांडे, तनिष्ठा चटर्जी और स्मिता तांबे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखेंगे। मुंबई में इसके प्रीमियर स्क्रीनिंग के दौरान स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला।

### दिवाली वीकेंड पर आएगा रजनी की मूवी 'लाल सलाम' का टीजर



**बेधड़क. जयपुर।** सुपरस्टार रजनीकांत की तमिल फिल्म लाल सलाम का टीजर दिवाली वीकएंड पर आने की संभावना है। ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा लिखित और निर्देशित यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इसका निर्माण लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले सुबास्करन अल्लिराजाह द्वारा किया गया है। फिल्म में विष्णु विशाल और विक्रांत मुख्य भूमिका में हैं, जबकि रजनीकांत फिल्म में कैमियो कर रहे हैं। फिल्म नवंबर 2022 में अनाउंस की गई थी। इसकी शूटिंग मार्च 2023 में शुरू हुई जो अगस्त में पूरी हुई। फिल्म में संगीत एआर रहमान द्वारा दिया गया है, छायांकन की जिम्मेदारी विष्णु रंगासामी ने संभाली है। लाल सलाम की संभावित रिलीज अगले साल अप्रैल माह में निर्धारित की गई है।

### जयपुर के अमित और चंद्रशेखर प्रदर्शनी में हुए शामिल

## इंडो-टर्की आईएसी में शामिल कलाकारों का किया सम्मान



बेधड़क | जयपुर

पीएन चोयल आर्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित सात दिवसीय इंडो-टर्की इंटरनेशनल आर्ट कॉन्फ्लूएंस में जयपुर के कलाकार अमित हारित और चंद्रशेखर सैन ने भाग लिया। टर्की के 11 और इंडिया के 14 कलाकार इसमें शामिल हुए।

इस दौरान आर्ट कैंप के साथ साथ, स्लाइड शो, टॉक शो, सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। आमंत्रित कलाकारों ने उदयपुर के कलाकारों के स्टूडियो भी विजिट किए। अमित हारित



ने बताया कि इस सात दिवसीय कला-संगम में पीएन चोयल आर्ट फाउंडेशन के निदेशक शैल चोयल के मार्गदर्शन में दो देशों की कला-संस्कृति का आपसी सौहार्दपूर्ण समागम यहां दिखाई दिया। अमित हारित ने अपने चित्रों में उदयपुर में रहते हुए प्रकृति के जो अदृश्य रूप वहां देखे उनको अपनी शैली में चित्रित किया। चंद्रशेखर सैन ने इस दौरान वहां बनाए अपने चित्रों में वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा को दर्शाया। रितु सिंह के संयोजन में चोयल स्टूडियो, वृंदावन फार्म में 25 से 31 अक्टूबर तक यह आर्ट कॉन्फ्लूएंस आयोजित हुआ। लास्ट डे शाम 6 बजे बोगनवेलिया आर्ट गैलरी, उदयपुर में प्रदर्शनी के आयोजन में सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया।

### MJRP यूनिवर्सिटी में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी

## स्टूडेंट्स ने अपनी कला से बनाए दिवाली के लिए उत्पाद



बेधड़क | जयपुर

महात्मा ज्योति राव फुले यूनिवर्सिटी के सोडाला कैम्पस में बुधवार को आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने किया।

इस अवसर पर पंवार ने स्टूडेंट्स के कलात्मक हुनर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह की आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी के माध्यम से स्टूडेंट्स में आत्मविश्वास और हौसला बढ़ता है। साथ ही वे अपने हुनर को प्रोफेशन का भी रूप दे सकते हैं। प्रदर्शनी में शिक्षकों के सहयोग से स्टूडेंट्स द्वारा तैयार किए गए दिवाली पर्व के लिए उपयोगी उत्पाद प्रदर्शित किए गए।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में डिजाइनर दीपक, विभिन्न मोमबत्तियां, सजावटी पेंटिंग्स, बन्दनवार, फ्लॉवर पोट्स, टी कोस्टर, गुलदस्ते, डिजाइन ड्रेसेज और दिवाली उपहार प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक और महापुरुषों के चित्रों को पेंटिंग में उकेरा जो आकर्षण का केंद्र रहा। विजुअल आर्ट्स के स्टूडेंट्स ने उपस्थित दर्शकों का लाइव पेंटिंग्स बनाकर मनमोह लिया। उन्होंने बणीठणी, मधुबनी और अन्य क्षेत्रीय पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स की ओर से स्वादिष्ट व्यंजनों की स्टॉल्स भी लगाई गई। इसका स्टूडेंट्स ने जमकर इसका लुत्फ उठाया।

**नवरस** विवेक टेक्नो स्कूल के वार्षिक दिवस समारोह में बच्चों ने कौशल दिखाया

## बच्चों को मोबाइल पर किताबें पढ़ने को प्रोत्साहित करें

बेधड़क | जयपुर

'मोबाइल फोन किशोरों और बच्चों का दुश्मन है। बच्चों को मोबाइल पर वीडियो देखने के बजाय किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।' यह आह्वान अतिथियों ने गुरुवार को विवेक टेक्नो स्कूल के वार्षिक दिवस 'नवरस' में किया।

कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 700 छात्र शामिल हुए। समारोह में महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडियल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के चेयरपर्सन और प्रजनन चिकित्सा और आईवीएफ में विश्व प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. एमएलएस वरंकर मुख्य अतिथि थे।

विशिष्ट अतिथि डॉ. के. राम आईपीएस (सेवानिवृत्त, पूर्व डीजीपी) और वीआईटी/वीजीयू कैंपस के मुख्य संरक्षक, अनिल बाफना, विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. ललित पंवार, आईएएस (से.), वीजीयू के उपाध्यक्ष डॉ. केआर बागरिया, वीजीयू के सीईओ ओंकार बागरिया और अन्य शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। स्कूल की प्रिंसिपल इंदिरा सिंह ने फिर वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।




### पीटीएम में भाग लें अभिभावक

डॉ. के. राम ने अंग्रेजी में सुधार के लिए अंग्रेजी अखबार की सदस्यता लेने और बच्चों को अंग्रेजी सीखने और अंग्रेजी समाचार चैनल देखने के लिए प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। उन्होंने अभिभावकों को स्कूल में पीटीएम में भाग लेने और अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जानने और इसे कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, इसके बारे में जानने और स्कूल में शिक्षकों के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करने का भी सुझाव दिया। डॉ. राम ने बच्चों और माता-पिता के बीच संचार अंतराल पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ अधिक समय बिताकर भावनात्मक लगाव और संबंध विकसित करें।

### सांस्कृतिक उत्सव में बच्चों ने जमाया रंग

शाम का मुख्य आकर्षण शानदार सांस्कृतिक उत्सव रहा। मोंटेसरी बच्चों द्वारा 'जूबी डुबी' की धुन पर नृत्य कर रंग जमा दिया। रौद्र, वीर और भयंकर रस को शामिल करते हुए नौ भावनाओं की विषयगत प्रस्तुति ने पूरे शो में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. एमएल स्वर्णकार और डॉ. के. राम आईपीएस (सेवानिवृत्त, पूर्व डीजीपी) और वीआईटी/वीजीयू कैंपस के मुख्य संरक्षक, वीटीएस राजस्थान के अध्यक्ष ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए।

जहां भावना की कद्र होती है, वहां मन अपने आप झुक जाता है, भले ही उस रिश्ते का कोई नाम न हो।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## गाजा पर इजराइली हवाई हमलों का पाकिस्तान में विरोध



*इस्लामाबाद। गाजा पर इजराइली हवाई हमलों के खिलाफ और फिलिस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए पाकिस्तान में धार्मिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी द्वारा रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में महिला और बच्चों ने भाग लिया।* ***फोटो- पीटीआई***

### इजराइल-हमास मुद्दों पर G-7 राष्ट्रों की मीटिंग

# 'इजराइल को आत्मरक्षा का हक'

**एजेंसी** | टोक्यो

सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह के शीर्ष राजनयिकों ने बुधवार को टोक्यो में गहन बैठकों के बाद इजराइल-हमास युद्ध पर एक एकीकृत रुख की घोषणा करते हुए हमास की निंदा की और इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया। साथ ही गाजा पट्टी में प्रभावित लोगों को सहायता में तेजी लाने के लिए 'मानवीय आधार पर संघर्ष रोकने' का आह्वान किया।

पश्चिम एशिया दौरा करने बाद टोक्यो पहुंचे ब्लिंकन ने कहा कि इजराइल में युद्ध पर एक स्पष्ट रुख बहुत ही जरूरी है ठीक वैसे ही, जैसे यूक्रेन और अन्य बड़े मुद्दों पर राजनयिकों ने किया। मंत्री भी गाजा को लेकर मतभेदों को गहराने से रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

ब्लिंकन ने जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा के साथ मुलाकात करने के बाद जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा से कहा कि इस संकट की घड़ी में जी-7 राष्ट्रों के लिए एक साथ आने और एक स्वर में आवाज उठाने के लिए यह एक बहुत ही जरूरी क्षण है, जैसा कि हम करते आए हैं।



### मानवीय आधार पर संघर्ष रोकने का समर्थन

समूह सात (जी-7) में ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका शामिल हैं। इन देशों ने एक बयान में इजराइल के खिलाफ हमास के हमलों की आलोचना की तथा फिलिस्तीन के लोगों के लिए भोजन, पानी, चिकित्सा देखभाल और आश्रय मुहैया कराने के लिए तत्काल कदम उठाने पर जोर देने की मांग की। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान और इटली के विदेश मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि वे तत्काल आवश्यक सहायता, नागरिकों की आवाजाही और बंधकों की रिहाई की सुविधा के लिए मानवीय आधार पर संघर्ष रोकने का समर्थन करते हैं। साथ ही फिलिस्तीनियों के खिलाफ चरमपंथी हिंसा में वृद्धि की भी निंदा की गई।

### TTP के हमलों में दो साल में मारे गए 2,267 पाक नागरिक

# तालिबानी सत्ता के कारण आतंकी हमलों में इजाफा

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने बुधवार को कहा कि पड़ोसी अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान में आतंकी हमलों में 60% और आत्मघाती बम विस्फोटों में 500% की वृद्धि हुई है। कट्टरपंथी तालिबान ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

काकड़ ने इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगस्त 2021 में अंतरिम अफगान सरकार की स्थापना के बाद हमें पूरी उम्मीद थी कि अफगानिस्तान में दीर्घकालिक शांति रहेगी, पाकिस्तान-विरोधी समूहों विशेषकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ अफगान धरती का उपयोग करने की अनुमति बिलकुल नहीं दी जाएगी, लेकिन दुर्भाग्य से अंतरिम अफगान सरकार की स्थापना के बाद, पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि हुई है।

काकड़ ने कहा कि अफगान धरती का इस्तेमाल कर टीटीपी द्वारा किए गए हमलों में पिछले दो वर्षों में 2,267 पाकिस्तानी नागरिक मारे गए हैं। इसके अलावा आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से लड़ते हुए अब तक 64 अफगान नागरिक मारे गए हैं।

### तेल एवं गैस कंपनी को बनाया निशाना

## आतंकी हमला, दो पुलिसकर्मी मरे



**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों ने एक तेल एवं गैस कंपनी पर हमला कर दिया। इससे दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हमला मंगलवार देर रात दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से सटे इस्माइल खान जिले में स्थित 'अल्हाज ऑयल एंड गैस कंपनी' पर हुआ। सूचना पर पुलिस की टुकड़ियां मौके पर पहुंच गईं तथा हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया है। पुलिस के मुताबिक, घायलों को जिले के संयुक्त सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हमला प्रांत के तिराह इलाके में आतंकवादियों के साथ भीषण गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना के एक अधिकारी और तीन सैनिकों के मारे जाने के कुछ दिनों बाद हुआ है।

### अमेरिका के हथियारों का पाक के खिलाफ इस्तेमाल: काकड़

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकड़ ने बुधवार को कहा कि आतंकवादी अमेरिका में बने हथियारों का इस्तेमाल उनके देश के खिलाफ कर रहे हैं। एक दिन पहले अमेरिका ने कहा था कि उसने अफगानिस्तान से अपने बलों को निकालने के दौरान कोई भी हथियार वहां नहीं छोड़ा था। इसके बाद काकड़ ने यह टिप्पणी की है। काकड़ ने कहा कि अमेरिका में बने हथियार न सिर्फ पाकिस्तान में अवैध रूप से बेचे जा रहे हैं बल्कि यह पूरे क्षेत्र के साथ-साथ खाड़ी में भी बेचे जाते हैं। आतंकवादियों द्वारा 17 पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या करने और पाकिस्तान वायु सेना के एक प्रशिक्षण अड्डे पर हमला करने के कुछ दिनों बाद मंगलवार को अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने टिप्पणी की थी। इसकी प्रतिक्रिया में काकड़ ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की पाकिस्तान में अपने हथियारों के इस्तेमाल को स्वीकार करना या अस्वीकार करना अप्रासंगिक है, क्योंकि ऐसे सबूत हैं जो पुष्टि करते हैं कि ये हथियार काला बाजार में पहुंचे रहे हैं और इनका इस्तेमाल भी किया जा रहा है।

### होटल के लॉन में खा रहे थे खाना, बीएमडब्ल्यू कार ने मारी टक्कर

# हादसे में भारतीय मूल के पांच लोगों की मौत

**एजेंसी** | मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया में एक पब के बाहरी हिस्से में बनाए गए भोजन करने के स्थान पर एसयूवी कार के घुसने से दो बच्चों सहित भारतीय मूल के दो परिवारों के पांच सदस्यों की मौत हो गई। 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने खबर दी है कि रविवार रात को फुटपाथ पर बीएमडब्ल्यू कार चढ़ गई और उसने रॉयल डेलेसफोर्ड होटल के सामने के लॉन में खाना खा रहे लोगों को टक्कर मार दी। इसमें विवेक भाटिया (38), उनका बेटा विहान (11), प्रतिभा शर्मा (44), उनकी बेटी अवनी (9) और साथी जतिन चुघ (30) की मौत हो गई। खबर के मुताबिक, शर्मा और उनका परिवार दूसरे पारिवारिक मित्रों भाटिया और उनके बेटे विहान के साथ छुट्टी मनाने आया था। घटना में भाटिया की 36 वर्षीय पत्नी रुचि और उनका छह वर्षीय बेटा अबीर गंभीर रूप से घायल हो गया।









### स्पेस में हुई बड़ी दुर्घटना

# छूटा टूलबॉक्स, बाल-बाल बचा ISS

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

नासा के दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतरिक्ष में अजीब और डरावनी घटना हो गई। एस्ट्रोनॉट जैस्मीन मोघबेली और लोरल ओ'हारा के साथ अंतरिक्ष में कुछ ऐसा हुआ, जिसके बाद हर ओर उनकी चर्चा हो रही है।

हुआ यूं कि 1 नवंबर को स्पेसवॉक के दौरान दोनों अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन के बाहर कम्युनिकेशन इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स पर काम कर रहे थे। तभी एक टूलबैग अचानक उनकी पकड़ से छूट कर स्पेस में चला गया। इस घटना से धरती पर मौजूद नासा के कंट्रोल स्टेशन में हड़कंप मच गया। इससे क्या नुकसान होगा? इसका आकलन किया जा रहा है।



### नासा ने उसे गहरे अंतरिक्ष में बहने दिया

नासा को जोखिम के तत्काल मूल्यांकन से पता चला कि टूल बैग की ट्रेजेक्टरी ऐसी है कि वह स्पेस स्टेशन के लिए कम खतरे का कारक है। नतीजतन, नासा ने इसे गहरे अंतरिक्ष में बहने दिया। नासा ने यह खुलासा नहीं किया है कि टूलबैग के नुकसान के लिए जिम्मेदार कौन है? नासा के प्रवक्ता मार्क गार्सिया ने घटना की जानकारी देते हुए कहा, 'स्पेस स्टेशन पर काम करने के दौरान एक टूल बैग अनजाने में खो गया था। फ्लाइट कंट्रोल ने स्टेशन के बाहरी कैमरों का इस्तेमाल करके टूल बैग को देखा।'

### 2008 में भी हुआ ऐसा

गार्सिया ने बताया कि मिशन कंट्रोल ने बैग की ट्रेजेक्टरी का विश्लेषण किया और पाया कि इस टूल बैग के दोबारा स्टेशन से टकराने की संभावना बेहद कम है। स्पेस स्टेशन और अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं और किसी भी कार्रवाई की जरूरत नहीं है।' इससे पहले नवंबर 2008 में भी एक टूलबॉक्स अंतरिक्ष में छूट गया था। हालांकि, यह महीनों तक धरती के चारों ओर घूमने के बाद 2009 में वायुमंडल में दाखिल हुआ और जल गया। इस टूलबॉक्स की कीमत 1 लाख डॉलर थी।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl